Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...
RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022

# घटती घटना

अम्बिकापुर, वर्ष 19,अंक -88 शनिवार,28 जनवरी 2023, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

सुख-भोग की लालसा आत्म-सम्मान का सर्वनाश कर देती है।

-प्रेमचंद-

## डीयू में स्क्रीनिंग से पहले आर्ट फैकल्टी में मचा बवाल



### पुलिस हिरासत में प्रदर्शनकारी छात्र

**नई दिल्ली,27 जनवरी 2023 (ए)।** गुजरात के 2002 दंगों पर बनी बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग को लेकर विवाद अब गहराता जा रहा है। इसे लेकर दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रॉक्टर रजनी अब्बी ने पहले ही दिल्ली पुलिस को खत लिखकर उचित कार्रवाई की बात कही है।

### डीयू की आर्ट फैकल्टी में स्क्रीनिंग पर विवाद

बीबीसी डॉक्यूमेंट्री का विवाद जेएनयू व जामिया से चलकर दिल्ली यूनिवर्सिटी पहुंच गया है। एनएसयूआई केरला द्वारा आर्ट फैकल्टी में आज स्क्रीनिंग के लिए 4ः00 बजे का समय दिया था। लेकिन इसका आयोजन नहीं हो सका। कोई विवाद ना हो इसलिए गेट के बाहर भारी पुलिस बल तैनात है। पुलिस ने धारा 144 भी लगा दी है। वहीं प्रदर्शन कर रहे छात्रों को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

### अंबेडकर यूनिवर्सिटी में स्क्रीनिंग की बात आ रही सामने

दिल्ली के कश्मीरी गेट स्थित अंबेडकर यूनिवर्सिटी से शुक्रवार को डॉक्यूमेंट्री के स्क्रीनिंग की बात सामने आई है। हालांकि विश्वविद्यालय प्रशासन ने वहां की बिजली ही काट दी है। इसके चलते छात्र पहले से ही डाउनलोड की हुई डॉक्यूमेंट्री अपने फोन और लैपटॉप पर देख रहे हैं। इसके अलावा एबीवीपी छात्रों ने विरोध में तोड़फोड़ की।

### इसलिए डीयू प्रॉक्टर ने लिखा खत

गौरतलब है कि 24 जनवरी को पश्चिम बंगाल की जादवपुर यूनिवर्सिटी में डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग के बाद इसके पूरे देश के विश्वविद्यालयों में इसके स्क्रीनिंग की बात कही थी। इसी को देखते हुए एहतियात के तौर पर डीयू की प्रॉक्टर रजनी अब्बी ने दिल्ली पुलिस को इस संबंध में पत्र लिखा है।

### फिर विवादों में अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, गणतंत्र दिवस पर झंडा फहराने के बाद छात्रों ने लगाए ये नारे

26 जनवरी गणतंत्र दिवस के दिन जहां पूरे देश में जश्न मनाया जा रहा था, वहीं अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) में कुछ ऐसा हो गया की वहां पर बवाल मच गया। छात्रों की अराजकता के चलते वहां हंगामा हो गया। यह बवाल उस समय हुआ जब अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के कुलपति तारिक मनसूर तिरंगा फहराकर लोगों को बधाई दे रहे थे। कुलपति तारिक मनसूर की मौजूदगी में ही छात्रों ने अल्लाह हू अकबर और नारा-ए-तकबीर के नारे लगाए। जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### अल्लाह हू अकबर के लगाए नारे

छात्रों ने भारत मां की जय के नारे की जगह अल्लाह हू अकबर के नारे लगाए। जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि कई छात्र एकत्रित होकर अल्लाह हू अकबर और नारा-ए-तकबीर के नारे लगा रहे हैं। खास बात यह है कि जिस जगह पर ये छात्र धर्म विशेष के नारे लगा रहे हैं, उससे कुछ ही दूरी पर कुलपति तारिक मनसूर भी खड़े हैं।

### दोषियों पर होगी कार्रवाई

वहीं मामले के तूल पकड़ने के बाद प्रॉक्टर प्रो. एम वसीम अली ने कहा है कि वीडियो उनके संज्ञान में आया है। उन्होंने कहा कि इस मामले को गंभीरता से लिया गया है। जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## कायदे में रहेंगे तो फायदे में रहेंगे

**शिमला, 27 जनवरी 2023 (ए)।** बागेश्वर सरकार के नाम से मशहूर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री अपने चमत्कार के दावों, प्रवचनों और बयानों से इन दिनों खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने शुक्रवार को एक वीडियो मैसेज पोस्ट किया है. इस पोस्ट में धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने अपने विरोधियों को नसीहत देते हुए कहा है कि कायदे में रहेंगे तो फायदे में रहेंगे. दरअसल धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने बागेश्वर धाम सरकार के ऑफिशियल ट्विटर हैंडल से अपना एक वीडियो पोस्ट किया है. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने अपने इस वीडियो पोस्ट में बताया कि वो दो से तीन दिन की हिमालय यात्रा पर उत्तराखंड प्रवास पर हैं।



वीडियो में उन्होंने बताया कि वे यहां देवभूमि में की धरती को प्रणाम करने आए हैं और साधु, संतो को बागेश्वर धाम का आमंत्रण देने आए हैं. उन्होंने आगे कहा कि वे जल्द ही वे बागेश्वर धाम लौटेंगे. अपने वीडियो पोस्ट में धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने अपने समर्थकों से कहा कि सनातन धर्म का झंडा गाढ़े रखें जब बात बागेश्वर बाबा धीरेंद्र शास्त्री कर रहे हों तो कुछ ना कुछ ऐसा कहेंगे ही कि सुर्खियां बन जाएं. वीडियो में धीरेंद्र शास्त्री अपनी बात खत्म करते हुए कहा, कायदे में रहोगे तो फायदे में रहोगे. बता दें कि जहां एक ओर बागेश्वर सरकार के बयानों और चमत्कार के दावों को लेकर कुछ लोग विरोध कर रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर प्रयागराज के माघ मेले में संतों ने बागेश्वर धाम मंदिर के प्रमुख धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री (बागेश्वर सरकार) को समर्थन दिया है. संतों ने इसी के साथ राम जन्मभूमि आंदोलन की तर्ज पर धर्मांतरण के खिलाफ आंदोलन चलाने की भी घोषणा भी की है.

## 55 यात्रियों को छोड़कर उड़ान भरने के मामले में डीजीसीए की कार्रवाई

### गो फर्स्ट पर लगाया 10 लाख का जुर्माना



**नई दिल्ली,27 जनवरी 2023(ए)।** विमानन क्षेत्र की नियामक संस्था डीजीसीए ने गोफर्स्ट एयरलाइंस फ्लाइट द्वारा 55 यात्रियों को एयरपोर्ट पर ही छोड़कर उड़ान भरने के मामले में कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की है। डीजीसीए ने कंपनी पर 10 लाख रुपये के जुर्माना लगाया है। इससे पहले, विमानन नियामक डीजीसीए ने एयरलाइन कंपनी गोफर्स्ट के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी किया था। डीजीसीए ने गोफर्स्ट के जवाबदेह प्रबंधक को कारण बताओ नोटिस जारी किया था कि उनके खिलाफ प्रवर्तन कार्रवाई क्यों न की जाए।

डीजीसीए ने अपनी कार्रवाई के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि गो फर्स्ट ने 25 जनवरी को कारण बताओ नोटिस का जवाब दिया। एयरलाइन कंपनी के जवाब के मुताबिक, विमान में यात्रियों की बोर्डिंग के संबंध में टर्मिनल समन्वयक (टीसी), वाणिज्यिक कर्मचारियों और चालक दल के बीच संचार और समन्वय की कमी थी।


डीजीसीए ने बताया है कि जांच में साफ हुआ है कि एयरलाइन कंपनी ग्राउंड हैंडलिंग, लोड और ट्रिम शीट तैयार करने, फ्लाइट डिस्पैच और पैसेंजर/कार्गो हैंडलिंग के लिए पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने में विफल रही है। इस सबको देखते हुए कंपनी पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

बता दें कि एयरलाइन की उड़ान 9 जनवरी को बैंगलोर हवाई अड्डे पर बेंगलुरू से दिल्ली जाने वाली गो फर्स्ट फ्लाइट ने बस में सवार करीबन 55 यात्रियों को लिए बिना लिए ही उड़ान भर दिया। यात्रियों ने रोप लगाया था कि आरोप लगाया कि फ्लाइट जी8 53 यात्रियों को छोड़कर सोमवार सुबह 6 बजकर 40 मिनट पर रवाना हो गई थी।

55 में से 53 यात्रियों को दिल्ली के लिए दूसरी एयरलाइन में स्थानांतरित कर दिया गया था। शेष 2 ने रिफंड मांगा था जिसका एयरलाइन की ओर से भुगतान करदिया गया था। अब इस मामले में गो फर्स्ट ने प्रभावित यात्रियों से माफी मांगी थी और घटना में शामिल एयरलाइंस के कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की थी।

## चीन-दुबई से भारत में करोड़ों की ठगी

**नई दिल्ली 27 जनवरी 2023(ए)।** दिल्ली पुलिस की साइबर क्राइम सेल ने तीन शहरों दिल्ली, गुरुग्राम और फतेहाबाद में छापेमारी के बाद तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बाहरी-उत्तरी दिल्ली की जिला पुलिस ने इन लोगों की गिरफ्तारी हजारों युवकों से ऑनलाइन जॉब दिलाने के नाम पर करोड़ों रुपयों की ठगी करने के लिए की है। पुलिस के अनुसार ये लोग युवाओं को नौकरी दिलाने के नाम पर उनसे पैसे ऐंठते थे। यह तीनों अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराधियों से जुड़े हुए हैं और इनका बेस दुबई व चीन में है।



## अदालत ने शंकर मिश्रा की जमानत याचिका पर सुनवाई की स्थगित

**नई दिल्ली 27 जनवरी 2023(ए)।** दिल्ली की एक अदालत ने शंकर मिश्रा की जमानत याचिका पर सुनवाई स्थगित कर दी, जिस पर पिछले दिनों न्यूयॉर्क-दिल्ली एयर इंडिया के एक विमान में नशे की हालत में एक बुजुर्ग महिला सहयात्री पर पेशाब करने का आरोप है। नवंबर, 30 जनवरी तक। पटियाला हाउस कोर्ट के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, हरज्योत सिंह भल्ला ने महिला के वकील अंकुर महेंद्रो के यह कहने पर मामले को स्थगित कर दिया कि उन्हें जमानत याचिका की प्रति नहीं सौंपी गई है। आरोपी का प्रतिनिधित्व करते हुए, वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश गुप्ता ने कहा, यदि अदालत इसे स्थगित करने के लिए इच्छुक है तो कृपया मुझे अंतरिम जमानत दें। यह उचित नहीं है। यह एक कारण नहीं हो सकता कि जांच अधिकारी यहां नहीं है। उन्होंने अदालत से मामले को दोपहर 2 बजे सूचीबद्ध करने के लिए कहा। लेकिन हालांकि कोर्ट ने इसे स्थगित कर दिया।



वर्तमान में न्यायिक हिरासत में रह रहे मिश्रा ने मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट कोमल गर्ग के आदेश के खिलाफ जमानत की मांग करते हुए बुधवार को अदालत का रुख किया, जिन्होंने पहले उनकी याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि आरोपी का कथित कार्य घृणित और एक महिला की मयार्दा को ठेस पहुंचाने वाला है। 21 जनवरी को मिश्रा की न्यायिक हिरासत 14 दिनों के लिए बढ़ा दी गई थी।

## राहुल गांधी ने रद की अपनी पदयात्रा,कहा-नाकाफी थी सुरक्षा व्यवस्था

**काजीगुंड 27 जनवरी 2023 (ए)।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में सुरक्षा कारणों के कारण रोक दी गई है। कांग्रेसी सांसद ने सुरक्षा इंतजाम को नाकाफी बताते हुए कहा कि पुलिस व्यवस्था पूरी तरह धराशायी हो गई है और सुरक्षा का जिम्मा संभालने वाले पुलिस वाले कहीं भी नजर नहीं आ रहे थे। मेरे सुरक्षाकर्मी मेरे पैदल चलने पर असहज महसूस कर रहे थे। इसी कारण से मैंने यात्रा रद कर दी। अन्य दूसरे लोग अभी चल रहे हैं।

कांग्रेस नेता ने कहा कि मेरे ख्याल से यह महत्वपूर्ण है कि पुलिस भीड़ को संभालने की व्यवस्था करे ताकि हम यात्रा कर सकें। मेरी सुरक्षा में लगे लोगों की सलाह के खिलाफ जाना मेरे लिए काफी मुश्किल है।

भारत जोड़ो यात्रा को घाटी के एंट्री पॉइंट काजीगुंड के पास शुक्रवार को रोक दिया गया, क्योंकि कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर प्रशासन द्वारा सुरक्षा में चूक और भीड़ के कुप्रबंधन का आरोप लगाया है। जम्मू-कश्मी कांग्रेस की प्रभारी रजनी पाटिल ने ट्वीट किया कि जम्मू-कश्मीर प्रशासन राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो यात्रा को सुरक्षा प्रदान करने में विफल रहा है। पाटिल ने कहा कि सुरक्षा में प्रशासन के अनुचित रवैये का संकेत देती है।



### जम्मू-कश्मीर पुलिस का बाहरी घेरा हुआ गायब

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी के काजीगुंड पहुंचने के बाद सभी यात्रा के शेड्यूल के अनुसार दक्षिण कश्मीर में वेसु की ओर बढ़ने लगे, लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अचानक पाया कि यात्रा में जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा बनाया गया बाहरी घेरा गायब हो गया था। राहुल गांधी को शुक्रवार को 11 किलोमीटर पैदल चलना था, लेकिन मुश्किल से 500 मीटर चलने के बाद उन्हें रुकना पड़ा।

### सुरक्षा में कुप्रबंधन का लगाया आरोप

कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा सुरक्षा कारणों से हमें यात्रा को अस्थायी रूप से रोकना पड़ा, क्योंकि यात्रा में सुरक्षा के प्रबंध सही नहीं थे। उन्होंने कहा कि जहां लोग राहुल गांधी के प्रति अपना स्नेह दिखाने के लिए बड़ी संख्या में उमड़े थे। वहीं कांग्रेस नेता की सुरक्षा को लेकर आशंकाएं थीं, क्योंकि लोग उनके काफी करीब आ रहे हैं। हालांकि, सुरक्षा कुप्रबंधन के कारण और राहुल की सुरक्षा को देखते हुए उन्हें आगे चलने की अनुमति नहीं दी और वह अपनी कार से खानाबल में विश्राम स्थल तक पहुंचे।

## महाराष्ट्र के अगले गवर्नर होंगे कैप्टन अमरिंदर सिंह

**नई दिल्ली,27 जनवरी 2023(ए)।** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह महाराष्ट्र के अगले गवर्नर होंगे। कई दिनों से सियासी हलको में इस बात को लेकर चर्चा थी, लेकिन अब इसकी पुष्टि हो चुकी है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, कैप्टन अमरिंदर सिंह को महाराष्ट्र का अगला राज्यपाल बनाने का आदेश जारी भी कर दिया गया है। हालांकि आदेश की पुष्टि अभी नहीं हो सकी है। कैप्टन कुछ समय पहले ही भाजपा में शामिल हुए थे। उन्होंने अपनी पार्टी पंजाब लोक कांग्रेस का भी भाजपा में विलय कर दिया था।



महाराष्ट्र के मौजूदा गवर्नर भगत सिंह कोश्यारी कुछ दिन पहले पद छोड़ने की इच्छा जता चुके थे, जिसके बाद कैप्टन को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया था। आर्मी से रिटायर्ड कैप्टन के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अच्छे संबंध हैं। हाल ही में उन्हें भाजपा की 83 सदस्यीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शामिल किया गया है।

## उम्मीदवारों की सूची तय करने के लिए भाजपा सीईसी की बैठक

**नई दिल्ली,27 जनवरी 2023(ए)।** त्रिपुरा में 16 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों को अंतिम रूप देने के लिए भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति यहां पार्टी मुख्यालय में बैठक कर रही है। बैठक के लिए



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी पार्टी कार्यालय पहुंचे, जिसकी अध्यक्षता पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा करेंगे।

गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा, उपमुख्यमंत्री जिष्णु देव वर्मा, केंद्रीय मंत्री और राज्य सांसद प्रतिमा भौमिक, सीईसी सदस्य ओम माथुर, त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब देब, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, सत्यनारायण जटिया, सर्बानंद सोनोवाल, इकबाल सिंह लालपुरा और त्रिपुरा चुनाव प्रभारी डॉ. महेश शर्मा भी भाग ले रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, बैठक के बाद 60 उम्मीदवारों में से अधिकांश के नामों को अंतिम रूप दिया जाएगा और उनकी घोषणा की जाएगी। एक सूत्र ने कहा, चुनाव को बहुमत से जीतने की रणनीति बनाई जाएगी और मेघालय व नगालैंड विधानसभा चुनाव पर भी मंथन होगा।त्रिपुरा में जहां 16 फरवरी को मतदान होगा, वहीं मेघालय और नागालैंड में 27 फरवरी को मतदान होगा। तीनों के नतीजे 2 मार्च को घोषित किए जाएंगे।

## ईडी ने टीडीएस धोखाधड़ी मामले में करीब 70 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क की

**नई दिल्ली,27 जनवरी 2023(ए)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कहा कि उसने 263 करोड़ रुपए के टीडीएस रिफंड को फर्जी तरीके से जारी करने के मामले में महाराष्ट्र और कर्नाटक में 69,65,99,720 रुपए की 32 अचल और चल संपत्ति कुर्क की है। तानाजी मंडल अधिकारी व अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

जांच एजेंसी के अधिकारियों के मुताबिक कुर्क की गई इन संपत्तियों में जमीन, फ्लैट, लग्जरी कारें शामिल हैं, जो भूषण अनंत पाटिल, राजेश शेट्टी, सारिका शेट्टी, कृति वर्मा और अन्य के नाम पर हैं।

अधिकारी ने कहा, इससे पहले, विभिन्न संस्थाओं के 33 बैंक खातों में 96,23,47,885 रुपए की शेष राशि और 2.85 लाख रुपए की नकदी जब्त करने के मामले में पीएमएलए के तहत फ्रीजिंग आदेश भी जारी किए गए थे। ईडी ने सीबीआई द्वारा दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पीएमएलए के तहत जांच शुरू की।

संघीय जांच एजेंसी की प्राथमिकी अतिरिक्त महानिदेशक (सतर्कता) 4 सीबीडीटी की एक लिखित शिकायत के आधार पर थी, जिसमें मूल्यांकन वर्ष 2007-08 और 2008-09 के लिए फर्जी रिफंड जारी करने के बारे में बताया गया था।

यह आरोप लगाया गया था कि तानाजी मंडल अधिकारी, एक वरिष्ठ कर सहायक के रूप में काम करते हुए अपने पर्यवेक्षी अधिकारियों के आरएसए टोकन और लॉगिन क्रेडेंशियल्स तक पहुंच रखते थे। उसने कथित तौर पर दूसरों के साथ मिलकर धोखाधड़ी की। आरोपी ने धोखे से 263 करोड़ रुपए से अधिक का टीडीएस रिफंड जेनरेट किया और इसे एसबी एंटरप्राइजेज के बैंक खाते सहित विभिन्न बैंक खातों में स्थानांतरित कर दिया।




सीबीआई ने अधिकारी, पाटिल, राजेश शांताराम शेट्टी और अन्य के खिलाफ पीसी एक्ट की धारा 7 और 13 (2) आर/डब्ल्यू 13 (1) (ए) और आईटी अधिनियम की धारा 66 के तहत दंडनीय अपराधों के लिए चार्जशीट भी दायर की है।

जांच के दौरान, ईडी को पता चला कि 15.11.2019 और 04.11.2020 के बीच, तानाजी मंडल अधिकारी द्वारा 263,95,31,870 रुपए के 12 फर्जी टीडीएस रिफंड जेनरेट किए गए थे, जिन्हें एसबी एंटरप्राइजेज के खाते में धोखाधड़ी से जमा किया गया था। कार्रवाई (पीओसी) को बाद में भूषण अनंत पाटिल और अन्य संबंधित व्यक्तियों और संस्थाओं के बैंक खातों और शेल कंपनियों में भी स्थानांतरित कर दिया गया।

ईडी न आगे बताया, लोनावला, खंडाला, कर्जत, पुणे और उडुपी क्षेत्रों में भूमि के रूप में अचल संपत्तियां, पनवेल और मुंबई क्षेत्रों में फ्लैट और 3 लग्जरी कारों (बीएमडब्ल्यू एक्स7, मर्सिडीज जीएलएस400डी, ऑडी क्यू7) के रूप में चल संपत्ति का अधिग्रहण किया गया है।

इन संपत्तियों की पहचान होने पर पीएमएलए के तहत प्रोविजनल कुर्की आदेश जारी किया गया था, जिसमें कुल 69,65,99,720 रुपए की 32 संपत्तियों को कुर्क किया गया।

कुल 263 करोड़ रुपए के पीओसी में से 166 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की गई है। मामले में आगे की जांच जारी है।

## उमेश ने धोखेबाज कहकर इस्तीफा मांगा

### उपेंद्र कुशवाहा बोले जदयू में दोनों बार उन्होंने बुलाया, नहीं छोड़ूंगा

**पटना ,27 जनवरी 2023(ए)।** प्रदेश जदयू के अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने पत्रकारों से बातचीत में उपेंद्र कुशवाहा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में पार्टी काफी मजबूत है। 75 लाख सदस्य बनाए गए हैं।

उन्होंने कहा कि उपेंद्र कुशवाहा को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहां से कहां पहुंचा दिया, आज सवाल उठाते हैं। जब पार्टी का विलय कर दिया तो फिर एक संगठन के नाम पर कोई संगठन चलाने का क्या मतलब? जिस व्यक्ति ने लगातार नीतीश कुमार को धोखा दिया आज वो पार्टी हित की बात किस मुंह से कर रहे हैं, उन्हें कोई दिक्कत है तो त्यागपत्र दे दें।

उमेश कुशवाहा ने कहा कि संगठन को मजबूत करने की बात करने वाले हिस्सेदारी मांग रहे हैं, उनको सोचना चाहिए कि मुख्यमंत्री ने उन्हें विरोधी दल का नेता बनाया, राज्यसभा और विधान परिषद में भेजा, दल के संसदीय दल का नेता बनाया उनके बारे में ऐसी बात करते हैं, हमको तो ताज्जुब लगता है। जब से पार्टी में आए हैं, पार्टी को कमजोर करने का काम किया है।

### दोनों बार नीतीश के बुलावे पर ही जदयू में शामिल हुएः उपेंद्र

इधर, जदयू संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि वे तीन बार नहीं, दो बार जदयू में शामिल हुए। दोनों बार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुलाया, लेकिन इस बार वे छोड़ कर नहीं जा रहे हैं। बर्बाद हो रही पार्टी को बचाने की कोशिश अंतिम सांस तक करेंगे। पार्टी में हमारा भी हिस्सा है। वे शुक्रवार को यहां पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे



उन्होंने कहा कि पहली बार नीतीश ने उन्हें 2009 में और दूसरी बार 2020 में बुलाया। विधानसभा में विपक्ष के तत्कालीन नेता तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री पर निजी और आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। मुख्यमंत्री असहाय महसूस कर रहे थे। मैंने तेजस्वी के विरोध में ट्वीट किया। इसके बाद ही मुझे बुलाया गया। जदयू में शामिल होने और इसे मजबूत करने का आग्रह किया गया। हां, पार्टी में शामिल होने के बाद मुख्यमंत्री ने अपनी ओर से कभी फोन नहीं किया।

उपेंद्र ने कहा कि मुख्यमंत्री से अंतिम बार आमने-सामने की बातचीत दिसंबर के अंतिम सप्ताह में हुई थी। उसमें मुख्यमंत्री ने मुझसे पूछा था- क्या आप भाजपा में जा रहे हैं? कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री गलत सलाहकारों से घिरे हैं। मूल समता पार्टी के 95 प्रतिशत लोग आज उपेक्षित हैं। जहां तक पार्टी में आने जाने वालों का प्रश्न है, वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह भी उसी श्रेणी के हैं। मुख्यमंत्री को 30 में से 29 दिन घेर कर रखने वाले सभी लोग दूसरी पार्टी से आए हुए हैं। मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि उपेंद्र कुशवाहा मीडिया के बदले पार्टी मंच पर बात रखें। इसकी शुरुआत मुख्यमंत्री ने ही की, जब उन्होंने मीडिया से आग्रह किया कि वे उपेंद्र कुशवाहा को हमसे बात करने के लिए कहें। हम तैयार हैं। मुख्यमंत्री मुझे बुलाएं, राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक बुलाएं। उसमें राजद के साथ हुई डील पर चर्चा हो। हम बताएंगे कि पार्टी कैसे कमजोर हुई है

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अपने-पराए की पहचान करें। उन्होंने कहा कि सामाजिक संगठन ज्योति बा महात्मा फुले समता परिषद की ओर से दो फरवरी को जगदेव प्रसाद की जयंती समारोह आयोजित है। उसमें शामिल होने से पार्टी की ओर से उन्हें रोका जा रहा है। वह उस समारोह में शामिल होंगे। अभी एक सामाजिक संगठन की ओर से महाराणा प्रताप की जयंती का आयोजन किया गया था। उसमें जदयू के सभी लोग शामिल हुए थे। यह अच्छी बात है।

## संपादकीय

# तो कैसे होगा मुक्त व्यापार ?

भारत की अपेक्षा है कि समझौता होने पर भारतीय नागरिकों के लिए ब्रिटेन जाना आसान हो जाएगा। लेकिन ब्रिटेन ने साफ कर दिया है कि उसका ऐसी सुविधा देने का कोई इरादा नहीं है।

ब्रिटेन ने भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते को लेकर अब जो अपना रुख जाहिर किया है, उसके बाद उचित ही भारत में यह सवाल उठाया गया है कि आखिर ऐसा समझौता होना ही क्यों चाहिए? ब्रिटेन के रुख से साफ है कि इस समझौते के जरिए वह सिर्फ अपने उत्पादों के लिए भारतीय बाजार में पहुंच को आसान बनाना चाहता है। जबकि भारत की अपेक्षा यह रही है कि यह समझौता होने पर शिक्षा या रोजगार के लिए भारतीय नागरिकों का ब्रिटेन जाना आसान हो जाएगा। लेकिन एक इंटरव्यू में ब्रिटेन की अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री केमी बेडेनोच ने साफ कर दिया कि ब्रिटेन का भारत को ऐसी सुविधा देने का कोई इरादा नहीं है। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन इसीलिए यूरोपियन यूनियन से अलग हुआ, क्योंकि वह लोगों का खुलेआम आना-जाना रोकना चाहता था। इसलिए अब यह सुविधा भारत को नहीं दी जा सकती। उन्होंने यह भी साफ कर दिया कि ऑस्ट्रेलिया के साथ मुक्त व्यापार समझौते में शामिल ऐसे प्रावधान को भारत के साथ करार में मॉडल नहीं बनाया जा सकता।

बेडेनोच पिछले महीने भारत आई थीं और वहां मुक्त व्यापार समझौते को लेकर उनकी वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल से बातचीत हुई थी। साफ है कि उस बातचीत में बात आगे ना बढ़ने के बाद लंदन लौटने पर उन्होंने एक अखबार को इंटरव्यू देकर ब्रिटेन के रुख को सार्वजनिक कर दिया। तो अब प्रश्न यह है कि अगर ब्रिटेन इस बिंदु पर रियायत करने को तैयार नहीं है, तो फिर उससे मुक्त व्यापार समझौता होना ही क्यों चाहिए? ब्रिटेन से पिछले साल उससे 17.5 बिलियन डॉलर का व्यापार हुआ था। यानी वह भारत का एक मध्यम दर्जे का ट्रेड पार्टनर है। इसलिए उसे आयात शुल्क में सुविधा देकर भारत को ज्यादा कुछ हासिल नहीं होगा। ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने पिछले वर्ष दिवाली तक मुक्त व्यापार समझौता करने का लक्ष्य जताया था। वह समयसीमा पहले ही निकल चुकी है। स्पष्टतः ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि ऐसे समझौते में दोनों देशों के हितों का मेल नहीं हो पा रहा है। हालांकि बेडेनोच ने कहा है कि इस वर्ष यह समझौता हो जाएगा, लेकिन भारत के पास क्या अब ऐसी आशा रखने का कोई कारण बचा है?

# पहली बार कर्तव्य पथ पर दुनिया ने देखी हिंदुस्तान की विराट ताकत,रचा गया इतिहास

### भारत ने पूरी दुनिया के सामने अपने शौर्य, सांस्कृतिक विरासत, सैन्य क्षमता और अपनी शानदार ताकत और दम का प्रदर्शन किया

वैश्विक स्तरपर भारत ने 26 जनवरी 2023 को पहली बार कर्तव्य पथ पर परेड कर दुनिया को अपना दम ताकत और आत्मनिर्भर भारतकी गाथा सहित 23 झांकियों का प्रदर्शन कर इतिहास रचा, जिसे सारी दुनिया ने हैरत भरी नज़रों से देखा कि इतनी तेजी से भारत विकास के झंडे गाड़कर आगे बढ़ रहा है, इसकी प्रेरणा दुनिया के तमाम विकासशील देशों ने लेना चाहिए ताकि जिसका ज़ज्बा जांबाज़ी और हसरतें हो तो सफ़लताज़रूर सलामी ठोकती है,जिसका सापेक्ष उदाहरण आज भारत है। 74 वें गणतंत्र दिवस परेड 2023 में इस बार मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल सिसी रहे और परेड में भी वहां की सैनिकटुकड़ी शामिल हुई। सबसे खूबसूरत रहा स्वदेशी हथियारों का डिस्प्ले, लाइट कॉम्बैक्ट टेलीकॉस्टर डेयरडेविल्स की टीम को महिला अफसर ने लीड किया। परंतु रेलवे मंत्रालय और पंजाब की झांकी नहीं दिखी, विशेषता यह थी कि कोरोना से पहले करीब सवा लाख लोग परेड में शामिल होते थे परंतु अभी करीब 45 हजार पैतालिस हजार शामिल हुए क्योंकि कोरोना अभी गया नहीं है जिसे करीब12 हज़ार पासेस और 32 हज़ार टिकटें ऑनलाइन बिके थे जो,20, 100 और 500 प्रति टिकट शुल्क के थे। इस बार दर्शकों के बैठने की व्यवस्था के लिए अलग से इंतजाम किया गया था क्योंकि 26 जनवरी 2023 को पहली बार गणतंत्र दिवस कर्तव्य पथ पर परेड ने देखा, हिंदुस्तान की विराट ताकत, क्योंकि स्वदेशी सैन्य साधनों का शानदार प्रदर्शन था इतिहास रचा गया। इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, यह भारत देश है मेरा, जहां डाल डाल पर सोने की चिड़िया करती है बसेरा यह भारत देश है मेरा।

साथियों बात अगर हम इतिहास रचने की करें तो,कर्तव्य पथ इस बार देश ने इतिहास बनते देखा, देश में पहली बार आदिवासी महिला राष्ट्रपति ने परेड की सलामी ली। उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और उसके बाद 21 तोपों की सलामी के साथ राष्ट्रगान हुआ। राष्ट्रपति ने कर्तव्य पथ से राष्ट्र का नेतृत्व किया। इस बार गणतंत्र दिवस पर मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी मुख्य अतिथि थे। इससे पहले पीएम ने वॉर मेमोरियल पहुंचकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उनके साथ रक्षा मंत्री, सीडीएस, तीनों सेनाओं के सेना प्रमुख मौजूद रहे। इसके बाद पीएम कर्तव्य पथ पहुंचे, यहां उन्होंने राष्ट्रपति का स्वागत किया। इस मौके पर कर्तव्य पथ परेड निकाली गई, इस परेड में भारत का स्वदेशी सैन्य पराक्रम और नारी शक्ति की ताकत नजर आई। कर्तव्य पथ पर आकाश मिसाइल, अर्जुन टैंक जैसे घातक हथियारों ने सेना के शौर्य को दिखाया, आसमान में प्रचंड और राफेल समेत 50 विमानों ने उड़ान से सीमाओं के से परे भारतीय वायु सेना की शक्ति प्रदर्शित की. ये दृश्य हर भारतीय का सीना गर्व से




चौड़ा करने वाला रहा। 90 मिनट की परेड में 23 झांकियां भी दिखीं. इनमें राज्यों की और मंत्रालयों विभागों की झांकियां शामिल रहीं। जहां यूपी की झांकी में अयोध्या की झलक दिखी, तो वहीं गृह मंत्रालय द्वारा नशा मुक्त भारत की झांकी और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की झांकी में %नारी शक्ति% को दर्शाया गया।आखिर में भारतीय सेनाओं के 50 विमानों ने फ्लाई पास्ट किया।

साथियों बातअगरहम ऐतिहासिक वंदे भरतम कार्यक्रम की करें तो, संस्कृति मंत्रालय का सांस्कृतिक कार्यक्रम वंदे भारतम कार्यक्रम आज नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस समारोह में प्रमुख आकर्षणों में से एक रहा। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता से चुने गए 479 कलाकारों ने %नारी शक्ति% विषय पर पूरे देश के सामने प्रदर्शन किया। भव्य परेड के दौरान, कलाकारों ने अपने जीवंत और ऊर्जावान प्रदर्शन के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और एक भारत, श्रेष्ठ भारत की सच्ची भावना में भारत की विविध सांस्कृतिक एवं कलात्मक विरासत को प्रदर्शित किया। गणतंत्र दिवस समारोह में आज कर्तव्य पथ पर संस्कृति मंत्रालय की %शक्ति रूपेण संस्थिता% शीर्षक वाली रंगीन झांकी भी दिखाई गई। झांकी देवी के %शक्ति% रूप पर आधारित है। इस झांकी के माध्यम से कई लोकनृत्यों को एक मंच पर उतारा गया।

साथियों बात अगर हम गणतंत्र दिवस के महत्व की करें तो 26 जनवरी 1950 को भारत पूर्ण गणराज्य बना। गणतंत्र दिवस राष्ट्र के लिए गणतंत्र के योगदान को दर्शाता है। यह दिन राष्ट्र को बनाए रखने में सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं को भी श्रद्धांजलि देता है। पहली बार गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 1950 को मनाया गया था।भारत के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने इस दिन 21 तोपों की सलामी के साथ ध्वजारोहण किया था और भारत को पूर्ण गणतंत्र घोषित किया था, तब से हर साल 26 जनवरी को देश में गणतंत्र दिवस मनाया जाता है। भारत का संविधान पूरी दुनिया में सबसे लंबा लिखित संविधान है। मूल रूप से इसमें 395 लेख थे, जो 22 भागों और 8 अनुसूचियों में विभाजित थे। भारत के संविधान के अनुसार भारत एक संप्रभु समाजवादी धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य है, जो अपने नागरिकों को न्याय, समानता और स्वतंत्रता का आश्वासन देता है, और उनके बीच बंधुत्व को बढ़ावा देने का प्रयास करता है।

साथियों बात अगर हम गणतंत्र दिवस मनाने के कारणों की करें तो, हमारा यह बुनियादी दस्तावेज दुनिया की सबसे प्राचीन जीवंत सभ्यता के मानवतावादी दर्शन के साथ-साथ आधुनिक विचारों से भी प्रेरित है। हमारा देश बाबासाहब भीमराव आम्बेडकर का सदैव ऋणी रहेगा, जिन्होंने प्रारूप समिति की अध्यक्षता की और संविधान को अंतिम रूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आज के दिन हमें संविधान का प्रारंभिक मसौदा तैयार करने वाले विधिवेत्ता श्री बी.एन. राव तथा अन्य विशेषज्ञों और अधिकारियों को भी स्मरण करना चाहिए जिन्होंने संविधान निर्माण में सहायता की थी। हमें इस बात का गर्व है कि उस संविधान सभा के सदस्यों ने भारत के सभी क्षेत्रों और समुदायों का प्रतिनिधित्व किया। संविधान निर्माण में सभा की 15 महिला सदस्यों ने भी योगदान दिया। संविधान में निहित आदर्शों ने निरंतर हमारे गणतंत्र को राह दिखाई है। इस अवधि के दौरान, भारत एक गरीब और निरक्षर राष्ट्र की स्थिति से आगे बढ़ते हुए विश्व-मंच पर एक आत्मविश्वास से भरे राष्ट्र का स्थान ले चुका है।संविधान निर्माताओं की सामूहिक बुद्धिमत्ता से मिले मार्गदर्शन के बिना यह प्रगति संभव नहीं थी बाबासाहब आम्बेडकर और अन्य विभूतियों ने हमें एक मानचित्र तथा एक नैतिक आधार प्रदान किया। उस राह पर चलने की जिम्मेदारी हम सब की है। हम काफी हद तक उनकी उम्मीदों पर खरे उतरे भी हैं, लेकिन हम यह महसूस करते हैं कि गांधीजी के सर्वोदय के आदर्शों को प्राप्त करना अर्थात सभी का उत्थान किया जाना अभी बाकी है। फिर भी, हमने सभी क्षेत्रों में उत्साहजनक प्रगति हासिल की है।

साथियों बात अगर हम गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस में फ़र्क की करें तो, गणतंत्र दिवस पर देश अपनी सैन्य ताकत और सांस्कृतिक विलक्षणता को दिखाता है। जबकि स्वतंत्रता दिवस के दिन ऐसा कुछ नहीं होता।26 जनवरी यानी गणतंत्र दिवस के दिन समारोह में मुख्य अतिथि आते हैं। जबकि स्वतंत्रता दिवस पर ऐसा नहीं होता है।26 जनवरी और 15 अगस्त दोनों ही राष्ट्रीय पर्व हैं।भारत ने 15 अगस्त 1947 को स्वतंत्रता प्राप्त की लेकिन यह 1950 तक एक गणतंत्र नहीं था जब देश का संविधान अंततः अपनाया गया था, राष्ट्र को गणतंत्र घोषित किया गया था।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि यह भारत देश है मेरा। पहली बार कर्तव्य पत्थर पर दुनिया ने देखी हिंदुस्तान की विराट ताकत, रचा गया इतिहास। भारत ने पूरी दुनिया के सामने अपने शौर्य, सांस्कृतिक विरासत,सैन्य क्षमता, अपनी शानदार ताकत और दम का प्रदर्शन किया।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



किशन सनमुखदास भावनानी
गोंदिया
महाराष्ट्र

# वर्तमान में हो रहा है संविधान का मजाक

जब 15 अगस्त, 1947 को भारत अंग्रेजों से आजाद हुआ तब देश की हुकूमत चलाने के लिए संविधान सभा के सदस्यों ने विश्व के अनेक अच्छे अच्छे संविधानो की बातों को भारतीय संविधान में शामिल किया! भारतीय संविधान के जनक श्री बी आर अंबेडकर ने देश की हुकूमत चलाने के लिए भारतीय संविधान में सभी अच्छी अच्छी बातें शामिल की जो ना केवल वर्तमान बल्कि भविष्य की संभावित परिस्थितियों को ध्यान में रखने वाली थी! किसी भी देश का संविधान उस देश की हुकूमत को चलाने के तौर-तरीकों या नियमों को बताता है जिसके मुताबिक सरकार को चलाना होता है! संविधान लिखित तथा अलिखित दोनों हो सकता है! भारत, अमेरिका, जापान आदि में शासन लिखित संविधान के अनुसार चलाया जाता है जबकि ब्रिटेन, न्यूजीलैंड, इजराइल आदि देशों में अलिखित संविधान के मुताबिक शासन चलाया जाता है! यहां यह स्पष्ट कर देना चाहिए कि जहां लिखित संविधान नहीं है वहां पर कुछ स्थापित मान्यताएं या परंपराएं सविधान की विभिन्न बातें ध्यान में रखकर शासन चलाया जाता है! किसी भी लोकतंत्र में संविधान के अनुसार संसदीय प्रणाली तथा राष्ट्रपति प्रणाली दोनों में से किसी को चुना जा सकता है! भारत में संसदीय प्रणाली को अपनाया गया है!

भारतीय संविधान 26 जनवरी, 1950 में लागू किया गया था जिसके मुताबिक भारत एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक तथा गण तांत्रिक व्यवस्था वाला देश है! भारतीय संविधान का उद्देश्य शासन की संरचना को स्पष्ट करना, नागरिकों के अधिकारों और स्वतंत्रता की रक्षा करना तथा भविष्य की दृष्टि के साथ आदर्श शासन की संरचना को ध्यान में रखना, केंद्र तथा राज्यों में सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखना है!

भारतीय संविधान चार स्तंभों पर आधारित है 1 कार्यपालिका 2 न्यायपालिका 3 विधायका 4 पत्रकारिता अर्थात मीडिया संविधान के मुताबिक भारतीय लोकतंत्र के यह चार स्तंभ अपने अपने कार्यक्षेत्र को लेकर स्वतंत्र हैं तथा एक दूसरे के कार्य में हस्तक्षेप या आलोचना नहीं कर सकते!

और बातों के अलावा भारतीय संविधान में लोगों को कुछ मौलिक अधिकार दिए गए हैं जैसे धर्म का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, अभिव्यक्ति का अधिकार, संपत्ति का अधिकार आदि! इन अधिकारों के हनन के खिलाफ लोग न्यायालय का दरवाजा खटखटा कर इन अधिकारों को पुनः प्राप्त कर सकते हैं! अगर देश में दुर्भाग्यवश संकटकाल की स्थिति पैदा हो जाए तब सरकार कुछ समय के लिए इन सभी या कुछ मौलिक अधिकारों पर रोक लगा सकती है!

इसके अलावा संविधान के अनुसार कुछ निदेशक सिद्धांत भी हैं जोकि केंद्र तथा राज्य सरकारों की लोगों के लिए कुछ कामों को करने की अपेक्षा करते हैं! परंतु इन्हें प्राप्त करने के लिए कोई भी व्यक्ति न्यायालय का दरवाजा नहीं खटखटा सकता! इनमें बेरोजगारी का समाधान, शिक्षा, चिकित्सा, पीने का पानी, लोगों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाना, पर्यावरण में सुधार करना, नशीले पदार्थों के सेवन पर प्रतिबंध लगाना, समान नागरिक संहिता को लागू करना, देश की संस्कृति तथा धरोहर से संबंधित पुरातत्व स्मृतियों को संजोना, उद्योगों के प्रबंधन में श्रमिकों की भागीदारी सुनिश्चित करना आदि बातें शामिल है!

भारतीय संविधान की इन बातों की पृष्ठभूमि में हम 26 जनवरी, 2023 को 73वें गणतंत्र दिवस पर भारतीय संविधान के लागू होने की बात की समीक्षा जरूर करना चाहेंगे! अगर ध्यान से देखा जाए तो भारतीय संविधान विश्व के हमारे सबसे बड़े लोकतंत्र की आत्मा है.! कुल मिलाकर अगर देखा जाए तो और देशों के मुकाबले में भारत में सविधान ठीक काम कर रहा है, लेकिन शत प्रतिशत उसी तरह काम कर रहा है जिस तरह की हमारे संविधान निर्माताओं ने इसके काम करने की कल्पना की थी, ऐसा बिल्कुल नहीं कहा जा सकता! जब से हमने सविधान को देश में लागू किया है तब से लेकर अब तक विभिन्न सरकारों ने इसमें अपने राजनीतिक लाभ को मुख्य तौर पर ध्यान में रखकर परंतु जनहित की दुहाई देखकर समय-समय पर इसमें संशोधन किए और इसकी अपनी अपनी सुविधा के अनुसार व्याख्या की! यह सब ठीक था या गलत था, विवाद का विषय है! लेकिन हां, जो जो भी राजनीतिक पार्टी सत्तासीन हुई उसने इसका उपयोग सत्ता में बने रहने के लिए किया, लोकहित तो एक बहाना था! हमारे देश में लोकतंत्र के चार स्तंभ अर्थात न्यायपालिका, कार्यपालिका, विधायका तथा मीडिया ठीक काम नहीं कर रहे! किसी देश का मीडिया जनता जनार्दन की आवाज होता है, प्रवक्ता या प्रतिनिधि होता है! किसी देश की मीडिया को निडर, निष्पक्ष, त्वरित तथा लोगों की आवाज के तौर पर काम करना चाहिए! परंतु अफसोस की बात यह है कि भारतीय मीडिया में यह सब बातें देखने को नहीं मिलती! आजकल बड़े बड़े मीडिया हाउस बड़े-बड़े कॉर्पोरेट हाउसेस ने खरीद रखे हैं जोकि सरकारी आशीर्वाद से खूब फल फूल रहे हैं, समय-समय पर सरकार की सहायता करते हैं, काम धंधे के लिए भारी भरकम सब्सिडी प्राप्त करते हैं, सत्तासीन पार्टी को भारी चंदा देते हैं तथा टीवी चैनलों पर सरकार के प्रवक्ता के तौर पर तथा विपक्ष के खिलाफ सुबह से लेकर शाम तक समाचार प्रसारित करते रहते हैं! आम जनता से संबंधित मुद्दों जैसे बेकारी, महंगाई, गरीबी, अमीर लोगों द्वारा और अमीर होना, गरीबों की स्थिति का बद्द तर होना, किसानों की स्थिति का खराब होना, भ्रष्टाचार आदि का कहीं जिक्र ही नहीं होता! जहां तक विधायका की बात है वहां सत्ताधारी पार्टी का दो तिहाई से भी ज्यादा प्रचंड बहुमत है जिसके सामने विपक्ष टिक नहीं पाता! इसलिए सत्ता पक्ष की लगभग तानाशाही है, विपक्ष जनता से संबंधित मामलों को उठा नहीं पाता, शोर-शराबा करके वाक आउट कर जाता है, इस तरह अधिकांश कानून तथा बजट विपक्ष की सहभागिता के बिना पास हो जाते हैं! सत्ता पक्ष अपने प्रचंड बहुमत के अहंकार में न्यायपालिका की स्वतंत्रता में भी हस्तक्षेप करने लगा है! संविधान तथा परंपरा के अनुसार सुप्रीम कोर्ट विभिन्न न्यायालयों में कॉलेजियम सिस्टम के तहत जजों की नियुक्ति करता है और सरकार से औपचारिकता के तौर पर सहमति प्राप्त कर लेता है! परंतु अब कानून मंत्री तथा उपराष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट को सलाह दी है कि जजों की नियुक्ति कॉलेजियम सिस्टम के बदले में केंद्र तथा राज्य सरकारों की सलाह से भी की जानी चाहिए! यह तो न्यायपालिका के काम में सीधा सीधा राजनीतिक हस्तक्षेप है! जिस तरह सरकार स्वायत्त संस्थाएं जैसे इनकम टैक्स डिपार्टमेंट, सीबीआई, ईडी आदि का दुरुपयोग अपने विरोधियों को दबाने में करने लगी है वह सीधा-सीधा संविधान का दुरुपयोग है! कहना ना होगा कि कुछ राज्यों में विपक्षी दलों की सरकारी हैं वहां केंद्र सरकार राज्यपालों के द्वारा राज्य सरकारों को तंग करने का असंवैधानिक कार्य कर रही है! ऐसे में राज्यों तथा केंद्र में टकराव साफ देखने को मिलता है!

जिस तरह आजकल हमारे विधायक तथा सांसद अपनी पार्टी को छोड़कर सत्ताधारी पार्टी में शामिल हो जाते हैं, उससे भी राजनीति में सविधान के बदले में पैसे के खेल को देखा जा सकता है! इतना ही नहीं भारत एक धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्र है लेकिन जिस तरह सत्ताधारी पार्टी हिंदुत्व के कार्ड का दुरुपयोग कर रही है उसको देख कर लगता नहीं कि संविधान के अनुसार धर्मनिरपेक्षता की पालना की जा रही हो! भारतीय लोकतंत्र की सुंदरता जोकि विभिन्न धर्मों, भाषाओं, जातियों, संस्कृतियों के होने के बावजूद एक सुंदर माला के तौर पर दिखाई देती थी वह पहले की तरह दिखाई नहीं देती, जोकि दुर्भाग्यपूर्ण है! इसके अलावा एक और संविधानिक संकट पैदा हो गया है! वह यह है कि जिन राज्यों में विपक्षी दलों की सरकारें हैं उनके राज्यपाल केंद्र को खुश करने के लिए राज्य सरकारों से टकराव की नीति अपना रहे हैं! ऐसा पश्चिमी बंगाल, केरल, तमिलनाडु, केंद्र शासित दिल्ली में देखने को मिल रहा है! असल में राज्यपाल केंद्र और राज्यों में पुल का काम करता है! लेकिन ऐसी बात इन विपक्षी दलों वाली राज्यों की सरकारों में देखने को नहीं मिलती! परंपरा यह रही है कि केंद्र सरकार राज्य सरकारों से सलाह मशवरा करने के बाद ही वहां पर राज्यपालों की नियुक्ति करती रही है लेकिन संभवत केंद्र सरकार अपने चहेतों को ही राज्यपाल नियुक्त करके विपक्षी दलों की सरकारों वाले राज्यों को सबक सिखाना चाहती है! यह सब भारतीय लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं! यह भी सविधान का दुरुपयोग है! इन सब बातों को देख कर ऐसा लगता है जैसे कि हमारे राजनेता संविधान को एक खिलौना समझकर इसका इस्तेमाल सत्ता प्राप्त करने तथा इस से चिपके रहने के लिए तथा विरोधियों को खड्डे लाइन लगाने के लिए कर रहे हो! यह भारतीय लोकतंत्र के लिए एक खतरे की घंटी है! इसके अलावा देश में समाजवाद नाम की कोई बात देखने को नहीं मिलती! जब से नई आर्थिक नीति लागू की गई है तब से अमीर आदमी और अमीर हो रहे हैं और गरीबों की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है! भारत के पहले प्रधानमंत्री , पंडित जवाहरलाल नेहरू ने भारत के लिए मिश्रित अर्थव्यवस्था का मॉडल सामने रखा था! लेकिन उसके बदले में नई नीति में सरकार का झुकाव पूंजीवाद की तरफ ज्यादा है इसके अनुसार देश की धन संपत्ति तथा आर्थिक नीतियों के ऊपर कॉरपोरेट हाउसेस का ज्यादा प्रभाव देखने को मिलता है और समृद्ध लोग और समृद्ध हो रहे हैं तथा देश में धन तथा संपत्ति का बंटवारा अमीर आदमियों के पक्ष में हो रहा है और समाजवाद कहीं देखने को नहीं मिलता! यह सब भी भारत के संविधान के अनुरूप नहीं!




सभी राजनेता संविधान के मुताबिक कार्य करने की कसम खाते हैं लेकिन सविधान के मुताबिक आचरण नहीं करते! जिस तरह संसद में तथा विधानसभाओं में हमारे जनप्रतिनिधि आचरण करते हैं वह सविधान के अनुरूप बिल्कुल ही नहीं है! भारतीय गणतंत्र तथा लोकतंत्र को सुचारू ढंग से चलाने के लिए राजनेताओं को गरिमा, मर्यादा, नैतिकता तथा सविधान के मुताबिक ही आचरण करना चाहिए! जब जागो तब सवेरा! क्यों ना इसी गणतंत्र दिवस से संविधान के मुताबिक राजनेता आचरण करना शुरू कर दें!

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



प्रोफेसर शाम लाल कौशल
रोहतक
हरियाणा

## अनकही चीखें





आज मैं अपनी बेटी के क्लिनिक में बैठ उसके काम को बड़े ध्यान से देख रहा था।कुछ सगर्भा औरतें तो कुछ स्वास्थ्य संबंधी प्रश्नों को ले आ रही थी।उसके दर्दियों की सूची खत्म होते ही वह बाहर आई तो उसके हाथ में एक सी डी थी जिसे उसने मुझे दिया और बोली, पापा,जब समय मिले इसे देख लेना।मैंने भी ले ली और उसके साथ गाड़ी बैठ गया।घर जा कर खाना खाया और आराम करने बिस्तर पर लेट के कब नींद ने आ घेरा पता ही नहीं चला।शाम को उठकर चाय पी और सी डी के बारे में भूल गया।बहुत दिनों बाद जब अपनी टेबल पर जमा फालतू कागज़ हटा रहा था तो सी डी हाथ में आई तो उसे लैपटॉप में लगा कर देखना शुरू किया तो जैसे हिल सा गया।अतीत की घटना नजर के सामने से चित्रपट जैसे गुजर ने लगी।

मैं उदास था अंदर से ग्लानि भाव से ग्रस्त संध्या को देख रहा था,जब उसने बोला, आप तैयार हो जाओ डॉक्टर से मुलाकात का समय हो रहा हैं। में फ़िर से सहम गया था मैंने कहा, संध्या छोड़ो नहीं जाते डॉक्टर के पास ,सहेली तो हैं तुम्हारी मना कर दो हम नहीं जा पाएंगे।÷ संध्या रोनी सी शक्ल बना कर बोली, मैं भी कहा चाहती हूं,लेकिन घर वाले और रिश्तेदारों के तानों से जीवन नर्क बन कर रह जायेगा।मुझे बदनसीब गिना जाएगा। मैं भी उसकी मजबूरी समझ रहा था तो बुझे मन से तैयार हो गया।संध्या की रिपोर्ट में जाति परीक्षण में स्त्री शब्द मुझे अंदर तक झकझोर गया था,छोटे से हाथों का स्पर्श,जो मेरे गालों को सहला रहे थे।बेटी हैं तो उसका गृहप्रवेश को वर्जित कर उसकी जन्म से पहले दुनिया में आने से पहले उसे विदा करना मन को अंदर से कचोटता था।

जैसे ही पहुंचे हमें डॉक्टर ने पूछा कि इस गर्भपात में दोनों को सम्मति पत्र में हस्ताक्षर करने होंगे।घर वालों के दबाव में सम्मत तो हम दोनों हो गए लेकिन मन नहीं मान रहा था।हमारी दुविधा देख डॉक्टर सेजल बोली,क्या बात हैं कोई प्रश्न है क्या? तब संध्या ने पूरी बात बताई तो वह पूरा मामला समझ गई।थोड़ी देर बाद पेपर पर कुछ लिख के बोली,ये लो इसमें लिखा है को माता की जान को खतरा होगा अगर गर्भपात करवाया गया।कुछ दवाइयां लिखी हैं जिसे लेने से मां और बच्चे को स्वास्थ्य लाभ होगा।हमदोनों खुशी खुशी घर आएं थे एक पाप का आचरण करने से बच गए थे।

सी डी में जन्मे बच्चे की चीखें थी जो बेअवाज थी।उसकी तड़प, वह समझ गई थी कि जान ली जा रही थी।उसे बाहर की दुनिया का एहसास हो गया था।उसकी तड़प जो देखी नहीं जा रही थी।क्या ये मेरी बेटी के साथ भी होना था,जो आज खुद उन सगर्भा स्त्रियों की सेवा कर रही थी।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



जयश्री बिरमी
अहमदाबाद
गुजरात

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

## जीवन आशीष पायेगा

जिसने कष्टों को झेला नहीं, संघर्षो में खेला नही
तपा नही जो धूप मेंआंधी तूफानों से जो,
कभी दो चार हुआ नही ।
फिर कैसे उसका जीवन पुष्प सा खिलेगा.....?
हर दर्द को सहलाकार हर चोट को स्वीकार करें
अमृत-विष दोनों को ही अन्तर्मन से स्वीकार करें।
तोड़ कृतिम दीवारों को मन को लहराने दो।
पीड़ा के माथे पर फिर आनंद का तिलक लगाने दो।
देखो फिर जीवन कैसे,बसंत सा महकेगा।
दर्द,चोट,तकलीफों से ही, जीवन आशीष पायेगा।



गरिमा राकेश गौतम
कोटा
राजस्थान

## रब से कि गई हर दुआ हूँ मै

कोई याद करे मुझे भी तब तो
अपना समझें मुझे भी तब तो
किसी के जख्मो की दवा हूँ मै
रब से कि गई हर दुआ हूँ मै
प्यास भी अब तो मिट जाये
जिंदगी ऐसे ही ना कट जाये
हर प्यासे के लिए कुआ हूँ मै
रब से कि गई हर दुआ हूँ मै
जख्म भी अब भर जायेंगे
हाल दिल के सुधर जायेंगे
दर्दे दिलों की नई दवा हूँ मै
रब से कि गई हर दुआ हूँ मै
साँसो की महकती हर सांस मे
जिंदगी के प्रत्येक अहसास मे
प्राण के लिए ताजी हवा हूँ मै
रब से कि गई हर दुआ हूँ मै
दर्द में पला और दर्द में बढ़ा
पग-पग आगे जो सदा बढ़ा
उनके कदमों की निशा हूँ मै
रब से कि गई हर दुआ हूँ मै
मिल के हर पत्थर पर लिखा
जीवन के फलसफा में लिखा
पथिकों के लिए मयार हूँ मै
रब से कि गई हर दुआ हूँ मै



प्रमेशदीप मानिकपुरी
धमतरी
छत्तीसगढ़

## ऋतुराज

सुखद सुहानी भोर का, मिला निमंत्रण आज।
आने को मधुमास है,लोग कहे ऋतुराज।।
कलियाँ देखो चटकती,खिले फूल हर डाल।
तितली आकर चूमती,उनका कुसुमित भाल।।
आकर के ऋतुराज ने,की सुंदर शुरुआत।
कली- कली खिलने लगी, मुस्काए सब पात।।
फूली सरसों के खेत में, हर्षित हुआ किसान।
आशा रखकर सोचता, बदलेंगे दिन मान।।
अलि -कली को देखकर,मन उपजा है मोह।
प्रियतम अब तो आइए, कैसे सहूँ बिछोह ।।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



वीनू शर्मा
जयपुर
राजस्थान

# महिला से सोने के जेवर ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के 4 सदस्य गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 27 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।



सूरजपुर स्थित ससुराल से अपने मायके अंबिकापुर आई एक महिला व उसकी भतीजी से 15 जनवरी को 2 युवक सोने का जेवर लेकर फरार हो गए थे। महिला को उन्होंने घर में बड़ी अनहोनी होने का डर दिखाया था। इस घटना के कुछ दिन बाद ही इसी तरह की ठगी आरोपियों ने मनेंद्रगढ़ में भी की। इधर महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामले की छानबीन शुरु की थी। इसी बीच पुलिस ने नई तकनीक के माध्यम से जानकारी एकत्रित कर अंतरराज्यीय गिरोह के 4 सदस्यों को उत्तर प्रदेश के मेरठ से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उन्हें न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें शुक्रवार को जेल भेज दिया गया।

मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि सूरजपुर निवासी निशा अग्रवाल अपने मायके अंबिकापुर आई थी। 15 जनवरी की शाम उसने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपनी भतीजी के साथ पुराना बस स्टैंड के पास काम से गई थी। इसी दौरान 2 युवक उनके पास आए और पतंजलि स्टोर का पता पूछने लगे। जानकारी नहीं होने की बात कहकर वह आगे बढ़ी ही थी कि दोनों ने उसे रोक लिया और घर में बड़ी अनहोनी होने की बात कहकर पूजा-पाठ कर समस्या से निजात दिलाने का भरोसा दिलाया। दोनों के कहने के अनुसार उसने अपने पहने हुए सोने के जेवरात एवं नगद 1200 रुपए निकालकर भतीजी को दिया। इसी बीच दोनों ने कहा कि बिना पीछे देखे वह आगे चलते जाए। जब वह जाने लगी तो वे उसकी भतीजी से सोने के जेवरात एवं नगद रकम लेकर अपने अन्य 2 साथियों के साथ बाइक पर बैठकर फरार हो गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 420, 34, 417 के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरु की थी। आईजी के मार्गदर्शन व एसपी के निर्देश पर कोतवाली प्रभारी रुपेश नारंग द्वारा आरोपियों को पकडने जांच शुरु की गई। इसी बीच यह पता चला कि मनेंद्रगढ़ में भी ऐसे ही वारदात को अंजाम दिया गया है। इसके बाद पुलिस ने नई तकनीक के माध्यम से छानबीच की तथा सैकड़ों सीसीटीवी फुटेज खंगाले। इस दौरान आरोपियों का सुराग मिला। इसके बाद पुलिस ने उत्तर प्रदेश के मेरठ से आरोपी सादिक, जाफर, अकिल व दिवाकर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने दोनों ही मामले में ठगी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस ने उनके पास से घटना में प्रयुक्त दुपहिया वाहन, 4 नग मोबाइल व 75 ग्राम सोना बरामद किया है। कार्रवाई में अंबिकापुर कोतवाली प्रभारी उप निरीक्षक रूपेश नारंग, उप निरीक्षक डाकेश्वर सिंह, सहायक उप निरीक्षक भूपेश सिंह, विवेक पाण्डेय, प्र. आरक्षक भोजराज पासवान, आरक्षक सतेन्द्र दुबे, बृजेश राय, अशोक यादव, अमित विश्वकर्मा, कुंदन सिंह, मुकेश चौधरी, गणेश कदम, शिव राजवाडे एवं साइबर सेल का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इसके अलावा मनेन्द्रगढ़ पुलिस टीम से निरीक्षक सचिन सिंह, सहायक उप निरीक्षक विनय तिवारी, प्रधान आरक्षक इस्तेयाक, आरक्षक शंभू यादव व पुस्कल सिन्हा शामिल रहे।

## हाथी को दवा देने गए सुरक्षा श्रमिक को मार डाला,डॉक्टर और फॉरेस्ट कर्मियों ने भागकर बचाई जान

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 27 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

प्रतापपुर वन परिक्षेत्र की ओर से दल से बिछड़कर सप्ताहभर पूर्व अंबिकापुर शहर आए हाथी का उत्पात बढ़ गया है। वह शहर से लगे इलाके में विचरण कर रहा है। इसी बीच हाथी ने दवा देने गए सुरक्षा श्रमिक को बुधवार की रात कुचलकर मार डाला। दरअसल हाथी को दस्त हो रहा है। यह देख सुरक्षा श्रमिक डॉक्टर व वन कर्मचारियों के निर्देश पर उनके साथ दवा देने गया था। इसी दौरान हाथी ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। अन्य लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई। गौरतलब है कि पिछले 7 दिन के भीतर हाथी ने 2 लोगों को कुचलकर मार डाला है।



प्रतापपुर वन परिक्षेत्र की ओर से 19 जनवरी की सुबह एक हाथी शहर में घुस आया था। यहां उसने एक घर को क्षतिग्रस्त करने के अलावा सीसीएफ के सरकारी बंगले की दीवार तोड़ दी थी। खदेड़े जाने के बाद हाथी तकिया व गाड़ाघाट नर्सरी की ओर चला गया था। इस दौरान वन विभाग द्वारा हाथी पर ड्रोन कैमरे से निगरानी रखी जा रही थी। इसके बाद हाथी शहर से लगे बधियाचुआं इलाके में पहुंचा। पिछले 3 दिनों से वह इसी क्षेत्र में विचरण कर रहा है। बताया जा रहा है कि हाथी को दस्त हो रहा था। यह देखते हुए वन विभाग के कर्मचारी बुधवार की रात डॉक्टर व सुरक्षा श्रमिक भीम के साथ उसे दवा देने गए थे। सुरक्षा श्रमिक भीम जब हाथी को दवा देने पहुंचा तो हाथी आक्रामक हो गया और भीम को सूंड से उठाकर पटक दिया और कुचलकर उसकी जान ले ली। इस दौरान मौके पर मौजूद डॉक्टर व वन कर्मचारियों ने भागकर अपनी जान बचाई। वन कर्मचारियों द्वारा सुरक्षा श्रमिक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, यहां डॉक्टरों ने जांच पश्चात उसे मृत घोषित कर दिया।

## गणतंत्र दिवस के अवसर पर 17 लोगों का किया गया मोतियाबिन्द का ऑपरेशन

- संवाददाता -
अंबिकापुर,27 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।



गणतंत्र दिवस के अवसर पर सारे विभागों में अवकाश थे। पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के नेत्र विभाग के डॉक्टर, स्टाफ नर्स व कर्मचारियों ने मरीजों की सेवा में लगे थे। गणतंत्र दिवस के अवसर पर नेत्र सर्जन डॉ. रजत टोप्पो के नेतृत्व में 17 मोतियाबिंद से पीड़ित लोगों का ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के बाद 27 जनवरी को सभी मरीजों को डिस्चार्ज किया गया। डॉ. रजट टोप्पो ने बताया कि सीएमएचओ डॉ. पीएस सिसोदिया के मार्गदर्शन में हर साल मोतियाबिंद मरीजों का ऑपरेशन के लिए टारगेट दिया जाता है। वर्ष 2022-23 में 12 हजार लोगों की आंख की जांच की गई है। 12 सौ स्कूल बच्चों व 21 सौ बुजुर्गों को चश्मा का वितरण किया गया है। वहीं मार्च 2022 से जनवरी 2023 तक 27 सौ से अधिक लोगों का मोतियाबिन्द का ऑपरेशन कया गया है। जबकि 14 सौ मरीजों का छोटा ऑपरेशन किया गया है।

## लूट,चोरी सहित अन्य मामलों में फरार इनामी बदमाश गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 27 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।



लूट के मामले में पिछ्ले 9 माह से फरार घटना के मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी अपने दो अन्य साथियों के साथ थाना सीतापुर क्षेत्र में एक घर में घुसकर सोने-चांदी के जेवरात सहित अन्य सामान लूट की घटना को अंजाम दिए थे। पुलिस ने इस मामले में पूर्व में दो आरोपी को गिरफ्तार कर ली थी। घटना को मुख्य आरोपी अमेरिकन सिंह फरार चल रहा था। वहीं इसी बीच बतौली थाना क्षेत्र अंतर्गत अमेरिकन अन्य साथियों के साथ डकैती की योजना बना रहा था। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर दो आरोपियों को पकडा था। वहीं अमेरिकन अपने तीन अन्य साथियों के साथ फरार हो गया था। इस मामले में भी पुलिस ने अब तक कुल 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दी थी। वहीं फरार अमेरिकन तीसरी घटना को अंजाम लखनपुर थाना क्षेत्र में अपने साथी सूरज घासी व एन्य के साथ मिलकर ट्रैक्टर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। इस मामले में एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार की थी। मुख्य आरोपी अमेरिकन फरार था। वहीं इस पर दो पहिया वाहन चोरी करने का भी आरोप था। सरगुजा पुलिस इस पर दस हजार रुपए इनाम देने की घाषणा की थी। पुलिस इसे पकडने के लिए काफी दिनों से प्रयासरत थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को रायगढ़ से गिरफ्तार की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई थाना प्रभारी लखनपुर प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक डॉ प्रशांत देवागंन, थाना प्रभारी गांधीनगर धिरेन्द्र दुबे, थाना प्रभारी बतौली उपनिरीक्षक प्रमोद पाण्डेय, थाना प्रभारी सीतापुर उप निरीक्षक शिशिरकांत सिंह, चौकी प्रभारी मणिपुर उपनिरीक्षक सरफराज फिरदौशी, सहायक उप निरीक्षक डेविड मिंज, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, आरक्षक मनीष सिंह, जितेश साहू, देवेंद्र सिंह एवं पुलिस टीम सक्रिय रहे।



## गुणवत्ता निर्धारण विषय पर वक्ताओं ने रखे अपनी राय

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 27 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

होली क्रॉस वीमेंस कॉलेज अम्बिकापुर में गुणवत्ता निर्धारण विषय पर दो दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अतिथि व वक्ता के रूप में आईएस सूरी भूतपूर्व सचिव एससीआरटी दिल्ली सरकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम के वक्ता आईएस सूरी ने जिनका अकादमिक क्षेत्र में कार्य करने का चार दशकों से भी ज्यादा का अनुभव है, प्रथम दिवस में शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता क्या है? गुणवत्ता निर्धारण के वर्तमान मापदंड क्या हैं, सीमित संसाधनों में भी गुणवत्ता निर्धारण का प्रबंधन कैसे कर सकते हैं इस विषय पर प्रकाश डाला। द्वितीय दिवस में उन्होंने नई शिक्षा नीति का जिक्र करते हुए

विषय को रुचिकर बनाते हुए नवाचार का प्रयोग, विद्यार्थी की रुचि तकनीकी ज्ञान और प्रयोगात्मक शिक्षा जैसे बिंदुओं पर तथा व्यक्तित्व विकास पर बहुत उपयोगी व्याख्यान दिया। इसके पश्चात प्राचार्य द्वारा कार्यक्रम की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए अतिथि को शॉल व स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनके प्रति अपने आदर भाव को प्रदर्शित किया।

## अब गोबर से बनेगा पेन्ट,यूनिट का किया गया शुभारंभ

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 27 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।



गोधन न्याय योजना अंतर्गत अंबिकापुर नगर निगम के शहरी गौठान घुटरापारा में सरगुजा संभाग के प्रथम गोबर पेंट यूनिट का शुभारंभ महापौर डॉ. अजय तिर्की, कलेक्टर कुंदन कुमार द्वारा किया गया। गौठान संचालक समूह स्वच्छ अंबिकापुर सिटी लेवल फेडरेशन और संस्था ग्रीन रूट्स द्वारा पीपीपी मोड पर इस यूनिट को स्थापित किया गया है। संस्था ग्रीन रूट्स द्वारा प्लांट स्थापना हेतु राशि 24 लाख निवेश किया गया है। इस प्लांट में समूह की दीदियों द्वारा गोबर से पेंट निर्माण का कार्य किया जाएगा। प्लांट की क्षमता 500 लीटर प्रति शिफ्ट है। जिसमें 30 प्रतिशत गोबर का प्रयोग पेंट निर्माण हेतु किया जाएगा। इस अवसर पर अजय अग्रवाल, सभापति, शफी अहमद, एमआईसी सदस्य, प्रतिष्ठा ममगई आयुक्त नगर निगम, विश्वदीप, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, द्वितेंद्र मिश्रा एमआईसी सदस्य, संध्या रवानी एमआईसी सदस्य, सतीश बारी वार्ड पार्षद सहित अन्य उपस्थित रहे।

## गणतंत्र दिवस पर जन अधिकार परिषद ने महामाया पहाड़ पर फहराया तिरंगा

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 27 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।



प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी जन अधिकार परिषद छग द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्थानीय महामाया पहाड़ में तिरंगा झंडा फहराया गया।

धवाजोत्तोलन झारखण्ड से आये पूर्व ब्लॉक प्रमुख एवं वरिष्ठ समाजसेवी राजेन्द्र चौबे ने किया। इसके उपरान्त उपस्थित लोगों ने सम्मानपूर्वक राष्ट्रीय गान गाया। इस दौरान मोहम्मद ताहिर, दीपक नौटियाल, आजाद खान, सुजान बिन्द, गुलशन खान, त्रिभुवन सिंह, राजू, टिंकू, शादाब सिद्दीकी, मोतीलाल, नरेन्द्र, दीपक जायसवाल और महेन्द्र सोनी, अवध बिहारी द्विवेदी, रंजन खेरपाण्डे, धीरेन्द्र दुबे, चंद्रप्रताप सिंह, इश्तियाक खानन, विनय सिंह एवं आईपी सिंह, निशा सोनी, उर्मिला सिंह, उर्मिला, सुरभि और चम्पा सहित अन्य शामिल रहे।

## ट्रैक्टर से गिरकर घायल चालक की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 27 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

ट्रैक्टर चलाने के दौरान चालक नीचे गिर गया था। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ठाकुर इक्षसह उम्र 32 वर्ष प्रेमनगर थाना क्षेत्र के ग्राम कंचनपुर का रहने वाला था। वह 25 जनवरी को मिट्टी की ढुलाई ट्रैक्टर से कर रहा था। इस दौरान वाहन अनियंत्रित हो गया और वह सड़क पर गिर गया था। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। परिजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराए थे। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## बीमार बंदी की इलाज के दौरान मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 27 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

हत्या के मामले में केन्द्रीय जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे एक बंदी की मौत इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हो गई। जानकारी के अनुसार राजकुमार मझवार पिता गुजनाथ मझवार उम्र 35 वर्ष बतौली थाना क्षेत्र के ग्राम लेंगु का रहने वाला था। वर्ष 2014 में हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। तब से वह केन्द्रीय जेल अंबिकापुर में सजा काट रहा था। 19 जनवरी को जेल में ही उसकी तबियत विगड़ गई। जेल प्रशासन द्वारा उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां इलाजा के दौरान उसकी मौत हो गई।

## मेहमान प्रशिक्षकों के चिन्हांकन हेतु इंटरव्यू का आयोजन

अम्बिकापुर, 27 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

लाईवलीहुड कॉलेज के प्राचार्य ने बताया है कि उनके कॉलेज में संचालित कौशल प्रशिक्षणों हेतु मेहमान प्रशिक्षकों के पैनल के अस्थायी चिन्हांकन हेतु वाक-इन-इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है। यह इंटरव्यू 8 फरवरी 2023 को प्रातः 10 बजे शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज परिसर में होगी। इच्छुक आवेदक अपना आवेदन भरकर संपूर्ण बायोडाटा के साथ इंटरव्यू में शामिल हों। ज्ञातव्य है कि इस संबंध में आवेदन पत्र का प्रारूप वेब पोर्टल www.surguja.gov.से प्राप्त कर सकते हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए लाईवलीहुड कॉलेज से संपर्क किया जा सकता है।




सूरजपुर,27 जनवरी 2023 (घटती-घटना)। सुरजपुर के माउंट हिल पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस और सरस्वती पूजा बहुत ही धूम धाम से मनाया गया । सर्व प्रथम स्कूल के डायरेक्टर ललन सिंह के द्वारा झंडा रोहण कराया गया तत्पश्चात माँ सरस्वती का विधिवत पूजा और प्रसाद वितरण करवाया गया।पूजन के अवसर पर विशेष

## महिला समूहों द्वारा किया गया आयोजन सराहनीयः श्रीवास्तव

### पहली बार मनाया महिला समूहों ने वार्षिकोत्सव

- संवाददाता -
प्रतापपुर,27 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।



जनपद पंचायत प्रतापपुर अंतर्गत विभिन्न पंचायतों की महिला स्वयं सहायता समूहों ने पहली बार अपनी स्थापना का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम मनाने की शुरुआत अमनदोन पंचायत से की है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि व कांग्रेस के संयुक्त जिला महामंत्री संजीव श्रीवास्तव व सामाजिक कार्यकर्ता और पत्रकार जीशान खान थे

कार्यक्रम में प्रतापपुर जनपद अंतर्गत अमनदोन, खोरमा, सरहरी, मानी, रमगावां, चंदौरा, पहिया, मायापुर, करंजवार व अन्य गांवों को मिलाकर कुल 33 पंचायतों के महिला स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने विभिन्न सरगुजिहा गीतों पर पंचायत भवन के परिसर पर बने मंच पर नृत्य करते हुए अपनी प्रतिभाओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्रीवास्तव ने कहा कि क्षेत्र में संचालित विभिन्न महिला समूहों ने पहली बार ऐसा सराहनीय आयोजन किया है। उन्होंने कहा कि आज समूहों के माध्यम से महिलाएं रोजगार से संबंधित अनेक गतिविधियों का संचालन कर स्वावलंबी हो रही हैं कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है जहां महिलाएं अपना परचम न लहरा रही हों।

कार्यक्रम के उपरांत मुख्य अतिथि संजीव श्रीवास्तव ने वाशिंग पाउडर बनाने वाले खोरमा के श्री साई महिला समूह, साबुन बनाने वाले बैकोना के महान नदी महिला समूह व अमनदोन के ट्राइबल मार्ट महिला समूह को अपने पास से पुरस्कार स्वरूप एक एक हजार नगद प्रदान किए। इस दौरान कार्यक्रम में समूहों की देखरेख करने वाले पीआरपी ललिता मिंज, जगमोहन सिंह, बलराम, अमनदोन के सचिव हरि प्रसाद कुशवाहा व बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रहीं।

CMYK










# 74 वें गणतंत्र दिवस का जिले में गरिमामय आयोजन के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 54 अधिकारियों-कर्मचारियों हुए हुआ सम्मानित

» मुख्य अतिथि राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कोरिया में किया ध्वजारोहण,सुंदर विभागीय झांकियां और देशप्रेम से परिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम बने आकर्षण

» झुमका जल महोत्सव के पूर्व आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को भी किया गया पुरस्कृत

- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर 27 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

कोरिया जिले में राष्ट्रीय पर्व 74 वां गणतंत्र दिवस गरिमामय एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शासन के निर्देशानुसार इस बार विभागीय झांकियां और स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम भी मुख्य आयोजन शामिल रहे।







शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के मिनी स्टेडियम में आयोजित गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, पुनर्वास, वाणिज्यिक कर (पंजीयन तथा मुद्रांक) मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने मुख्य अतिथि की आसंदी से ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इसके बाद उन्होंने तिरंगे के प्रतीक रंग बिरंगे गुब्बारे एवं श्वेत कपोत आकाश में छोड़े। गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह के मुख्य अतिथि श्री अग्रवाल ने 74वें गणतंत्र दिवस की जिले की समस्त जनता को हार्दिक बधाई प्रेषित की। इसके बाद उन्होंने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल का जनता के नाम संदेश का वाचन किया। कार्यक्रम में श्री अग्रवाल ने शहीदों के परिजनों को शाल व श्रीफल देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

आकर्षक मार्च पास्ट एवं परेड, सामूहिक व्यायाम का प्रदर्शन- परेड कमाण्डर सूबेदार रमेश कुमार पुरेना को मोमेंटो प्रदान किया गया। सशस्त्र दल परेड सीनियर में प्रथम स्थान जिला पुलिस बल महिला, द्वितीय स्थान जिला नगर सेना एवं तीसरा स्थान शालेय दल परेड जूनियर में जूनियर दल को प्राप्त हुआ। पीटी में सामूहिक एरोबिक्स प्रदर्शन के लिए सेंट जोसेफ इंग्लिश मीडियम स्कूल को सामूहिक मोमेंटो दिया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम- सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम स्थान जवाहर नवोदय विद्यालय, द्वितीय सर्वेश्वरी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं तृतीय स्थान पर शासकीय कन्या शाला बैकुंठपुर रहा। समारोह में सेजेस बैकुंठपुर, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पटना, एवं सेंट जेवियर्स उच्चतर माध्यमिक विद्यालय द्वारा भी मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई।

झांकी का प्रदर्शन- झांकी में प्रथम स्थान जिला पंचायत कोरिया, द्वितीय वनमण्डल बैकुंठपुर एवं तृतीय स्थान पर समाज कल्याण विभाग रहे। इसके साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल संसाधन, स्वास्थ्य विभाग, आदिवासी विकास, रेशम, मत्स्य विभाग एवं गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान की टीम द्वारा झांकी का प्रदर्शन किया गया।जिले के प्रथम झुमका जल महोत्सव के पूर्व प्रशासन द्वारा आयोजित लोगो, मोमेंटो और पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को भी गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान पुरस्कृत किया गया। लोगो डिजाइन में तरुण कुमार, मोमेंटो डिजाइन में दीपाली गुप्ता और पेंटिंग में अरविंद नागवंशी, जेया फातिमा और स्वप्निल सिंह को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर संसदीय सचिव एवं बैकुंठपुर विधायक श्रीमती अंबिका सिंहदेव, कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह, पुलिस अधीक्षक श्री त्रिलोक बंसल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती नम्रता जैन, अपर कलेक्टर श्रीमती रीता यादव, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक, प्रिन्ट व इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधियों सहित जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद थे।

## गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर कलेक्टर श्री लंगेह ने जिला कलेक्टोरेट परिसर में किया ध्वजारोहण

- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर 27 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।



गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला कलेक्टोरेट परिसर में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा प्रातः 8 बजे ध्वजारोहण किया गया और अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। तत्पश्चात राष्ट्रगान एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद कलेक्टोरेट सभाकक्ष में श्री लंगेह ने सभी उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने देश के के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले महान विभूतियों को श्रद्धांजली अर्पित की। उन्होंने सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को शासन- प्रशासन द्वारा दी गयी जिम्मेदारी का ईमानदारी से निर्वहन करने का संदेश दिया, जिससे लोगों का विश्वास जिला प्रशासन पर बढ़े। उन्होंने कहा कि आम जनता की समस्या का क्षमता के अनुरूप त्वरित समाधान कर अपने दायित्वों का निर्वहन करें। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन, अपर कलेक्टर श्रीमती रीता यादव, संयुक्त कलेक्टर श्री अनिल सिदार, विभागों के अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहीद हसनेन को दी गई श्रद्धांजली

बैकुण्ठपुर 27 जनवरी 2023 (घटती-घटना)। गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहीद हसनेन को दी गई श्रद्धांजली। स्थानीय खजुराहिल हाई स्कूल कटकोना में दस वर्षों तक शिक्षा प्राप्त करने वाला विद्यार्थी शहीद हसनेन अंसारी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का जवान था जो 11 जून 2011 को भेंजी थाना के पास केम्प में तैनात था जहां नक्सलीयों के साथ हुए मुठभेंड़ में तीन जवान शहीद हुये थे जिसमें से एक जवान कटकोना कॉलरी निवासी शहीद हसनेन अंसारी भी था।





गणतंत्र दिवस पर स्कूल के बच्चों, शिक्षकों, श्रमिक नेता व कटकोना पुलिस सहायता केन्द्र के प्रभारी धनंजय सिंह व स्टाप ने शहीद हसनेन को श्रद्धांजली दी।

## स्व.डॉ.रामचन्द्र सिंहदेव कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, कोरिया में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर 27 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

राष्ट्रीय पर्व 26 जनवरी गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ स्व. डॉ. रामचन्द्र सिंहदेव कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, कोरिया में मनाया गया। इस कार्यक्रम में अध्यक्षता कर रहे अधिष्ठाता महोदय, डॉ. डी. के. गुप्ता सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण डॉ. निर्मोध प्रभा, डॉ. एन. के. मिश्रा, डॉ एस. के. सिंह, डॉ. एस. के. घृतलहरे, , डॉ. संदीप नवरंग, डॉ. जान्हवी, अंकुर गुप्ता, इत्यादि प्राध्यापकगण सहित कर्मचारीगण के.पी.पांडे सेक्शन ऑफिसर, कौशल कुमार, प्रयोगशाला तकनीशियन, विजय प्रकाश सलीब कुजूर, श्रीमती पूनम सिंह, प्रभात गुप्ता, कृष्ण कुमार साहू, विष्णु कुमार, सुदामा राजवाड़े, राहुल, सूरज, श्रीमती उर्मिला बड़ा, राजेश्वरी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। मंच संचालन छात्र सुनील गुर्जर एवं छात्रा आस्था मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आरंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के छायाचित्र के समक्ष पुष्पर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। ध्वजारोहण कार्यक्रम अधिष्ठाता महोदय के करकमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। तत्पश्चात राष्ट्रगान एवं राजकीय गीत का गायन किया गया। मंच संचालन करते हुये छात्रों द्वारा बताया गया कि पूर्ण स्वराज्य की मांग सर्वप्रथम 31 दिसम्बर 1929 को लाहौर अधिवेशन के दौरान किया गया। स्वतंत्रता पूर्व महत्वपूर्ण घटनाओं जैसे साइमन कमीशन का विरोध, लाला लाजपतराय की शहादत से लेकर जतिन्द्र नाथ दास, भगत सिंह, बटुकेश्वर दत्त की शहादत ने लोगों के दिलों में ज्वाला जलाने का काम किया जिससे सम्पूर्ण राष्ट्र में पूर्ण स्वराज्य की मांग उठाने लगी। अधिष्ठाता महोदय द्वारा बताया गया कि स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात संविधान निर्माण के लिए संविधान सभा का गठन किया गया जिसमें प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ. भीमराव अंबेडकर जी थे। प्रारूप समिति द्वारा 26 नवम्बर 1949 को भारतीय संविधान 02 वर्ष, 11 माह, 18 दिनों में बनाकर तैयार कर दिया गया। जिसे 26 जनवरी 1950 से सम्पूर्ण राष्ट्र में लागू किया गया। जिसे आज हम सभी गणतंत्र दिवस के रूप में मनाते हैं। डॉ.निर्मोध प्रभा द्वारा बताया गया कि आज का दिन देश के वीर सपूतों द्वारा दिए गए बलिदानों को याद करने का दिन है उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करने का दिन है। डॉ. एन. के. मिश्रा द्वारा बताया गया कि हमारा राष्ट्र अनेकता में एकता का जीवंत उदाहरण है, हम सबको संकल्पित होकर नवराष्ट्र निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान देना चाहिए। साथ ही छात्र जीवन मे समय की महत्ता को समझाया गया। डॉ. एस. के. सिंह द्वारा अपने उदबोधन में बताये कि हम सभी सर्वप्रथम भारतीय है इसीलिए देश के प्रति देश के अपने कर्तव्यों का सर्वप्रथम निर्वहन करना चाहिए। भारतीय संविधान जो हमे अपने अधिकारों के बारे में बताता है उन्हें हमे पढ़ना चाहिये जानना चाहिये। महाविद्यालय के सभी स्टॉफ द्वारा स्वतंत्रता संग्राम से लेकर संविधान निर्माण पर प्रकाश डालते हुये अपने विचार प्रकट किये। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग प्रस्तुति दिया गया जो इस कार्यक्रम का आकर्षण का केन्द्र रहा। राष्ट्रीय उत्सव के इस अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस के दिन आयोजित भाषण प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागी आकाश तिवारी, अनिल वर्मा एवं जयप्रकाश केशी क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्रों को अधिष्ठाता महोदय के करकमलों द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. संदीप नवरंग द्वारा किया गया। कार्यक्रम के पश्चात बसंत पंचमी के पावन अवसर पर माँ सरस्वती ज्ञानदायनी के छायाचित्र के समक्ष दीपप्रज्वलित, माल्यार्पण एवं पुष्पअर्पित कर वीणावादिनी की स्तुति किया गया।



# आत्मनिर्भर गांवों के सपने को साकार करने में रूरल इंडस्ट्रियल पार्क की होगी महत्वपूर्ण भूमिकाःराजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल

» योजना के तहत गांवों को स्वावलंबी बनाने की दिशा में शासन के मजबूत कदम

» श्री अग्रवाल पहुंचे जिले में रीपा अंतर्गत चयनित आदर्श गौठान मझगवां, गोबर पेंट यूनिट शेड का किया लोकार्पण

» यहां से शुरू होगी जिले की पहली गोबर पेंट यूनिट,बनेंगे स्टेशनरी प्रोडक्ट,बोरी और बैग,लेमन ग्रास प्रसंस्करण यूनिट भी लगाई जाएगी

- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर 27 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।







गणतंत्र दिवस के अवसर पर आज राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, पुनर्वास तथा वाणिज्यिक कर (पंजीयन एवं मुद्रांक) विभाग मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने जिले में महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क योजना अंतर्गत चयनित आदर्श गौठान मझगवां में रीपा की पहली गतिविधि गोबर पेंट यूनिट एवं शेड का लोकार्पण किया। इस योजना के तहत ग्रामीण परिवारों के लिए रोजगार और आय के साधन उपलब्ध कराने के लिए गौठानों का चयन कर उन्हें रूरल इंडस्ट्रियल पार्क के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने कहा कि महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में राज्य शासन का अगला कदम है। योजना के अंतर्गत गौठानों को छोटे औद्योगिक स्थल के रूप में तैयार किया जा रहा है जिससे ग्रामीणों और विशेषकर महिलाओं को रोजगार मिलेगा और आय में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि हर वर्ग तक योजनाओं का लाभ पहुंचे, इसके लिए राज्य सरकार निरंतर काम कर रही है।

इस दौरान मुख्य अतिथि श्री जयसिंह अग्रवाल ने वर्किंग शेड का भूमिपूजन किया और रीपा अंतर्गत आदर्श गौठान मझगवां में गोबर पेंट यूनिट एवं शेड का उद्घाटन किया। विभागीय स्टालों का अवलोकन करते श्री अग्रवाल ने समूह की महिलाओं द्वारा विभिन्न मिलेट्स से बनने लड्डू और कुकीज का भी स्वाद लिया। इस अवसर पर संसदीय सचिव एवं बैकुंठपुर विधायक श्रीमती अंबिका सिंहदेव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री वेदांती तिवारी, कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह, पुलिस अधीक्षक श्री त्रिलोक बंसल, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन तथा स्व सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रही।

### आदर्श गौठान मझगवां में रीपा अंतर्गत प्रस्तावित हैं ये गतिविधियां

ग्रामीण औद्योगिक पार्क स्थापित करने के पीछे राज्य सरकार की मंशा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले उत्पाद स्थानीय स्तर से लेकर प्रदेश और देश में भी अपनी पहचान और व्यवसाय स्थापित करें।

### गोबर पेन्ट मेकिंग यूनिट

यहां गोबर पेंट निर्माण किया जाएगा जिसके लिए चयनित प्रगति महिला स्वयं सहायता समूह को 30 जनवरी 2023 से जयुपर में 5 दिवसीय प्रशिक्षण हेतु भी भेजा जा रहा है। इसके साथ यहां स्टेशनरी प्रोडक्ट मेकिंग एवं प्रिंटिंग यूनिट लगाई जाएगी जिसके लिए प्रस्तावित समूह चिस्ती अजमेरी स्व सहायता समूह है। पेपर कप, बाक्स मेकिंग एवं प्रिंटिंग यूनिट का संचालन साई बाबा महिला स्व सहायता समूह एवं बोरी, बैग मेकिंग एवं प्रिंटिंग यूनिट का संचालन माँ दुर्गा महिला स्व सहायता समूह द्वारा किया जायेगा। इसके साथ ही लेमन ग्रास प्रसंस्करण यूनिट का संचालन मां लक्ष्मी महिला स्व सहायता समूह की महिलाएं करेंगी। आदर्श गौठान मझगवां में रीपा योजना के अंतर्गत 40 से अधिक उद्यमियों को रोजगार से जोड़ने की कार्ययोजना प्रस्तावित है। मार्केटिंग के लिए क्षेत्रीय बाजार के साथ-साथ सी मार्ट, आनलाईन प्लेटफार्म एवं प्रदेशव्यापीं बाजार और सरकारी विभागों को आपूर्ति की योजना है। इन सबके सुचारू संचालन के लिए आवश्यक अधोसंरचना भी तैयार की जा रही है जिसमें सड़क, पार्क फेंसिंग, ट्रांसफार्मर, वर्किंग शेड आदि शामिल है। वर्तमान में इस गौठान में वर्मी कम्पोस्ट निर्माण, सामुदायिक बाड़ी, मशरूम उत्पादन, मुर्गीपालन, लेमन ग्रास उत्पादन और एलोवेरा उत्पादन किया जा रहा है। जिससे संलग्न समूहों को अतिरिक्त आय होना भी शुरू हो चुकी है।

# 74 वां गणतंत्र दिवस के अवसर पर मनेंद्रगढ़ विधायक डॉ. विनय जायसवाल ने किया ध्वजारोहण

» आकर्षक मार्च पास्ट सहित शहीदों के परिजनों को किया गया सम्मानित

- संवाददाता -
कोरबा, 27 जनवरी 2023
(घटती-घटना)।

कोरबा जिला मुख्यालय में 74वां गणतंत्र दिवस को हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। जिला मुख्यालय में आयोजित मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि विधायक मनेंद्रगढ़ एवं संचालक छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन लिमिटेड डॉ. विनय जायसवाल उपस्थित थे। श्री जायसवाल ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। मुख्य अतिथि द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल का छत्तीसगढ़ वासियों के नाम संदेश का वाचन किया गया । इस अवसर पर अनेकता में एकता के प्रतीक गुब्बारे आकाश में छोड़े गये। गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिले के 12 शहीदों के परिजनों को शॉल, श्रीफल भेंट कर विशेष सम्मान किया गया और वीर सेनानियों की शहादत के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई।

मुख्य कार्यक्रम में परेड कमांडर सुबेदार अनत राम पैंकरा के नेतृत्व में आकर्षक मार्च पास्ट किया गया। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, छत्तीसगढ़ सशस्त्रबल, जिला पुलिस बल पुरूष, छत्तीसगढ़ नगर सेना महिला, छत्तीसगढ़ नगर सेना पुरूष, एनसीसी पुरूष और एनसीसी महिला की टीम ने मार्च पास्ट में हिस्सा लिया। इस दौरान हर्ष फायर कर पुलिस बैंड द्वारा राष्ट्रगान की धुन बजाई गई। तीन बार राष्ट्रपति की जय के नारे लगाये गये। मार्च पास्ट में आठ टुकड़ियों ने हिस्सा लिया।

प्रोफेशनल वर्ग में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल प्रथम

प्रोफेशनल वर्ग में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिला पुलिस बल पुरूष को द्वितीय तथा जिला पुलिस बल महिला को तृतीय स्थान मिला। परेड नॉन प्रोफेशनल वर्ग में प्रथम स्थान एनसीसी महिला, द्वितीय स्थान एनसीसी पुरूष और तृतीय स्थान छत्तीसगढ़ नगर सेना महिला की टीम को प्राप्त हुआ। छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल व छत्तीसगढ़ नगर सेना पुरूष वर्ग को सांत्वना पुरस्कार मिला।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम में डीपीएस स्कूल बाल्को के विद्यार्थियों को मिला प्रथम पुरस्कार

गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में स्कूली छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर माहौल में समा बांध दिया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पीडब्ल्यूडी रामपुर कोरबा के बच्चों ने छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य सुआ, करमा, पंथी की धुन पर नृत्य एवं योग का सामूहिक प्रदर्शन किया। डीपीएस बाल्को के बच्चों ने छत्तीसगढ़ के प्रमुख त्यौहार छेरछेरा पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किए। स्वामी आत्मानंद स्कूल पंप हाउस कोरबा के बच्चों ने अनेकता में एकता विषय पर विविध वेशभूषाओं में नृत्य प्रस्तुत किया। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छुरीकला पाली के बच्चों ने छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति पर आधारित नृत्य, न्यू ऐरा प्रोगेसिव स्कूल कोरबा के छात्र-छात्राओं ने कोरोना काल के पहले एवं उसके बाद की स्थिति को दर्शाते हुए नृत्य प्रदर्शन किया। शासकीय उच्च.माध्य. विद्यालय कन्या साडा की बालिकाओं ने नारी सशक्तिकरण एवं उनके लिए शिक्षा के महत्व को दर्शाते हुए सामूहिक नृत्य का प्रदर्शन एवं सेंट जेवियर्स पब्लिक स्कूल कोरबा के बच्चों ने राउत नाचा, करमा, गौरा गौरी आदि लोक नृत्यों का समावेश करते हुए छत्तीसगढ़ लोकरंग की प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम स्थान डीपीएस बाल्को, द्वितीय स्थान एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छुरीकला पाली एवं तृतीय पुरस्कार न्यू ऐरा प्रोग्रेसिव स्कूल कोरबा को प्राप्त हुआ।







### झांकियों के प्रदर्शन में वन विभाग रहा प्रथम

गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में आज 15 शासकीय विभागों और पुलिस विभाग द्वारा आकर्षक झांकियों का प्रदर्शन किया गया। जिला पंचायत कोरबा द्वारा हमर गौठान सुघ्घर गौठान की थीम पर आधारित झांकी प्रस्तुत की गई। वन विभाग द्वारा जैव विविधता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन, जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र विभाग द्वारा विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं पर आधारित झांकी, रेशम विभाग द्वारा टसर धागाकरण योजना, उद्यान विभाग द्वारा संरक्षित खेती, पशुधन विभाग द्वारा गौठानों में कुक्कुट पालन, मछली पालन विभाग द्वारा मछली पालन आय का साधन थीम पर आधारित झांकी प्रस्तुत की गई। इसी प्रकार आदिवासी विकास विभाग द्वारा आदिवासी बालक छात्रावास अजगरबहार का मॉडल प्रस्तुत किया गया। राजीव गांधी शिक्षा मिशन द्वारा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय के मॉडल, क्रेडा द्वारा सौर सुजला योजना से किसानों को कराये जा रहे सिंचाई सुविधा का मॉडल, स्वास्थ्य विभाग द्वारा हमर अस्पताल तथा हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सुपोषण अस्त्र करेंगे कुपोषण ध्वस्त की थीम पर और कृषि विभाग द्वारा गौठान की थीम पर झांकी प्रस्तुत की गई। पुलिस विभाग द्वारा नशा मुक्ति के लिए चलाए जा रहे निजात अभियान का जीवंत प्रदर्शन किया गया। झांकी में प्रथम पुरस्कार वन विभाग कोरबा, द्वितीय पुरस्कार स्वास्थ्य विभाग और तृतीय पुरस्कार पुलिस विभाग को मिला।कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 87 से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले महिला स्व सहायता समूहों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिक्षा विभाग द्वारा 38 शालाओं को स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में कोरबा नगर निगम के महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद, सभापति श्री श्याम सुंदर सोनी, राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती अर्चना उपाध्याय, कलेक्टर श्री संजीव झा, पुलिस अधीक्षक श्री संतोष सिंह, जिला पंचायत के सीईओ श्री नूतन कंवर सहित जिला तथा पुलिस प्रशासन के अन्य अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं आम जनता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने 17 विद्यार्थियों को आईआईटी-जेईई की तैयारी के लिए वितरित किए टैबलेट-ईयरफोन

- संवाददाता -
कोरबा, 27 जनवरी 2023
(घटती-घटना)।

कलेक्टर श्री संजीव झा ने नीति आयोग एवं बायजूस के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 17 छात्र-छात्राओं को टेबलेट वितरित किए। कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में आकांक्षी जिला कोरबा के छात्र-छात्राओं को आईआईटी-जेईई प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए टेबलेट का वितरण किया गया। पूर्व में भी कलेक्टर श्री झा ने नीट-मेडिकल की पढ़ाई के लिए 17 विद्यार्थियों को टेबलेट वितरित किए थे। सभी 34 विद्यार्थियों को साडा कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल में आईआईटी और मेडिकल की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग दिया जा रहा है। विद्यार्थियों को टेबलेट मिल जाने से उनके प्रतियोगी परीक्षाओं की ऑनलाइन तैयारी में सहायक होगी। साथ ही विद्यार्थी अपने डॉक्टर-इंजीनियर बनने के सपने को आसानी से पूरा कर सकेंगे। कलेक्टर श्री झा ने विद्यार्थियों को टेबलेट वितरण करने के साथ सभी विद्यार्थियों को अच्छे से पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही भविष्य के सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। कलेक्टर ने आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन के लिए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन भी किया। इंजीनियरिंग जैसे महत्वपूर्ण प्रतियोगी परीक्षा की संपूर्ण तैयारी के लिए छात्रों को टेबलेट के साथ ईयरफोन भी दिये गये है। छात्रों ने बताया कि टैबलेट से ऑनलाईन कक्षायें, स्टडी मटेरियल आदि की सुविधा मिलेगी, जिससे परीक्षा पास करने में सहयोग मिलेगा। विद्यार्थियों ने कहा की टेबलेट एवं स्टडी मटेरियल बाजार से क्रय करने पर महंगा पड़ता। महंगा होने के कारण सभी छात्र स्वयं के व्यय पर खरीदने में सक्षम नहीं थे। टेबलेट मिल जाने पर छात्रों ने संस्था और जिला प्रशासन का आभार जताया। कलेक्टर श्री झा ने कार्यक्रम में स्वामी आत्मानंद स्कूल के 10 छात्र, एन.सी.डी.सी. स्कूल के 04 छात्र एवं शासकीय कन्या साडा स्कूल के 03 छात्रों को टेबलेट वितरित किये गये। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री विजेंद्र पाटले, जिला पंचायत सीईओ श्री नूतन कंवर, जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.पी. भारद्वाज, श्री विवेक लाण्डे प्राचार्य स्वामी आत्मानंद पंप हाउस स्कूल, आकाश संस्था से आमरीन सरफराज सहित शिक्षक और विद्यार्थी गण मौजूद रहे।




## कलेक्टर संजीव झा ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट में तिरंगा फहरा कर दी सलामी

- संवाददाता -
कोरबा,27 जनवरी 2023
(घटती-घटना)।

कलेक्टर संजीव झा ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट में राष्ट्रध्वज फहराया। इस अवसर पर उन्होंने सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी व अपने शासकीय उत्तरदायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए राष्ट्र की प्रगति में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रेरित किया। श्री झा ने देश के संविधान में उल्लेखित नियमों और प्रावधानों को आधार मानकर राज्य में बने नियमों तथा कानूनों से ही शासकीय कार्यों के निष्पादन पर जोर दिया और जन कल्याण की भावना को बनाये रखने की अपील की। ध्वजारोहण के पश्चात् कलेक्टोरेट सभाकक्ष में मौजूद अधिकारी- कर्मचारियों ने भी गणतंत्र दिवस की शुभकामना संदेश सबके साथ साझा किये। इस दौरान अतिरिक्त कलेक्टर प्रदीप साहू, एडीएम कटघोरा विजेंद्र पाटले, नगर निगम आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।



# सम्मान से बढ़ा स्वयंसेवकों का मनोबल

### कोरोना काल में निभाई रोको अऊ टोको की जिम्मेदारी

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,27 जनवरी 2023
(घटती-घटना)।

यूनिसेफ एवं जिला प्रशासन के तत्वाधान में कोरोना काल में व्याप्त समस्याओं को ध्यान में रखते हुए स्वयंसेवकों की टीम बनाई गई थी। रोको अऊ टोको टीम द्वारा लगातार कोविड अनुरूप व्यवहार अपनाने एवं कोविड टीका लगवाने हेतु अनेक जन-जागरूकता कार्यक्रम किया गया।उपरोक्त गतिविधियों के लिए पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री आरबी घोरे, कलेक्टर श्री कुंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता, जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप, नगर निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगई द्वारा यूनिसेफ स्वयं सेवकों को सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

रोको अऊ टोको टीम द्वारा कार्यक्रम में शहरों एवं गांवों में रैली, स्कूलों एवं महाविद्यालयों में छात्र-छात्राओं को जागरूक करना, आम जनता को गली, चौक, चौराहों, रेल्वे स्टेशन, बस स्टैण्ड, बैंक, पेट्रोल पंप एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों में उपरोक्त विषय पर मेगा फोन द्वारा जागरूक किया जा रहा है।






# शासी परिषद द्वारा 63 करोड़ रुपये से अधिक के विकास हेतु प्रस्ताव अनुमोदित

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,27 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

कलेक्टर कुंदन कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) के शासी परिषद की बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में सभी सदस्यों की सहमति से खनन के प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष प्रभावित क्षेत्रों में करीब 63 करोड़ 90 लाख के विकास कार्यों से संबंधित राशि के प्रस्ताव पर अनुमोदन किया गया।

उल्लेखनीय है कि जिला खनिज न्यास संस्थान द्वारा खनन प्रभावित क्षेत्रों में विभिन्न विकास कार्यों के हेतु शासी परिषद की बैठक में प्रस्ताव का अनुमोदन किया जाता है। इस राशि से प्रभावित क्षेत्र में विकास की गति तेज करने का प्रयास किया जाता है।

बैठक में सीजीएमएससी के अध्यक्ष व लुण्ड्रा विधायक डॉ प्रीतम राम, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मधु सिंह, विधायक प्रतिनिधि व जिला पंचायत सदस्य श्री राकेश गुप्ता, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विश्वदीप तथा अन्य शासी परिषद के सदस्यगण उपस्थित थे।




## कृषि स्थायी समिति का जिला स्तरीय बैठक 30 को

अम्बिकापुर,27 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

उप संचालक कृषि ने बताया है कि कृषि स्थायी समिति की बैठक कृषि स्थायी समिति की अध्यक्षता में 30 जनवरी 2023 को दोपहर 12 बजे से शासकीय स्थानीय उद्यानिकी रोपणी गुमगराकला विकासखंड लखनपुर में आयोजित की गई है। कृषि एवं संवर्गीय विभाग के अधिकारियों से आग्रह है कि अपने विभाग द्वारा संचालित योजना संबंधी समस्त जानकारी के साथ एवं समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

विगत बैठक में कृषि संवर्गीय विभाग संचालित योजना अंतर्गत की जानकारी, खरीफ वर्ष 2022 की समीक्षा एवं चालू वर्ष 2022-23 की योजनावार प्रस्तावित कार्यक्रम एवं खाद, बीज भण्डार वितरण की जानकारी एवं अन्य वांछित पालन प्रतिवेदन एवं प्रगति जानकारी के बारे में चर्चा की जाएगी।

## मतदाता पुनरीक्षण में उत्कृष्ट कार्य पर जिले को मिला राज्य स्तरीय पुरस्कार

अम्बिकापुर,27 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

मतदाता पुनरीक्षण कार्य अंतर्गत जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के अधिक से अधिक लोगों को इपिक कार्ड जारी करने पर जिले को राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबा साहब कंगाले के द्वारा पुरस्कृत किया गया ।

कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार के नेतृत्व में जिले में मतदाता पुनरीक्षण का बेहतर कार्य किया गया है।

# पीएम आवास से केशव सिंह के जीवन में आई खुशहाली



- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 27 जनवरी 2023
(घटती-घटना)।

जनपद पंचायत लखनपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत कोसगा में रहने वाले श्री केशव सिंह को प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत आवास स्वीकृत होने से पक्के मकान का सपना साकार हुआ। उनका परिवार बहुत गरीब है और मजदूरी और खेती करके जीवनयापन करते हैं। उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी तथा एक कमरे के कच्चे मकान में सपरिवार निवास करते थे। आर्थिक तंगी के कारण पक्के मकान बनवाने की स्थिति नहीं थी। उन्हें वर्ष 2019-20 में प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुआ।

श्री केशव सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत होने की जानकारी मिलने पर मुझे बहुत खुशी हुई तथा मैंने पूरी लगन से पक्के आवास का निर्माण कराया। पीएम आवास में मुझे मनरेगा के तहत कार्य करने का अवसर मिला। मेरे खाते में किस्तों के रूप में आवास निर्माण कार्य हेतु राशि प्राप्त होती गई जिससे मैंने अपना आवास निर्माण कार्य पूर्ण किया। मुझे पक्के आवास की आवश्यकता थी जो प्रधानमंत्री आवास योजना के द्वारा पूरा हुआ तथा मैं बेहद खुश हूँ इसके लिये मैं तथा मेरे परिवार के सदस्य छत्तीसगढ़ शासन के बहुत आभारी हैं।


**कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ0ग0**

निविदा सूचना

मैनुअल क्षेत्रीय निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक-02

क्रमांक/ 5296/निविदा/भण्डार/आ0वि/2023 अम्बिकापुर दिनांक 20 जनवरी 2023

छत्तीसगढ़ के राजपाल के नाम से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत समक्ष श्रेणी में पंजीकृत विद्यूत ठेकेदारों से निम्न दर्शित विद्यूतीकरण कार्य हेतु प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर द्वारा दिनांक 01.06.2020 से प्रचलित दर अनुसूची अनुसार प्रतिशत दर पर मैनुअल क्षेत्रीय निविदा द्वितीय बार आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र कार्यालय से प्राप्त करने की अंतिम तिथि -02.02.2023 (अपरान्ह 17.30 बजे तक)

कार्यालय में निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि - 09.02.2023 (अपरान्ह 17.30 बजे तक)

निविदा खोलने की तिथि - 11.02.2023 (अपरान्ह 15.00 बजे)

निविदा की समान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति कार्यालयीन अवधि में उपस्थित होकर दिनांक 20.01.2023 से देखी जा सकती है।

सहायक आयुक्त,
आदिवासी विकास, अम्बिकापुर
जिला-सरगुजा छ0ग0

जी नंबर-97987/3



**कार्यालय विशेष विवाह अधिकारी अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

वि0प्र0क्र0 /विशेष विवाह /2022-23

क्रमांक 703/वाचक/अपर कले
अम्बिकापुर दिनांक 20/01/2023

फार्म-अ

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व-साधारण की जानकारी के लिये यह सर्वजनिक सूचना जारी किया जाता है कि आवेदक अनुज कुमार एक्का आ0 श्री दिलसाय एक्का, उम्र-35 वर्ष, निवासी ग्राम सूर (पफरीखर) थाना व तहसील सीतापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0) एवं आवेदिका स्नेहलता टोप्पो पुत्री श्री गैयाराम, उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम हाउस नंबर-61/1 वार्ड, वार्ड नबरं- 01, आदर्श नगर सीतापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा इस न्यायालय में विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के अन्तर्गत अभिप्रत विवाह की सूचना/पंजीयन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित अभिप्रत विवाह के सूचना के विरूध आपति करने के इच्छुक कोई व्यक्ति इस न्यायालय में दिनांक 09.02.2023 को दिन के 11:00 तक अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि समाप्त होने के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

सील | विशेष विवाह अधिकारी सरगुजा, अम्बिकापुर



**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202301020700148**

विषयः-ब-121 मामले की श्रेणी-राजस्व
सनः- 2022-2023
नमनाकला प.ह.न. 00020 (हे0)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार-रामदयाल नागवंशी,
अनावेदक पक्षकार- छ0ग0,शासन

**ईश्तहार**

आवेदक रामदयाल नागवंशी पिता विश्वनाथ जाति मुण्डा निवासी नमनाकला, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम नमनाकला स्थित खसरा नंबर 19/4, 157/85 रकबा 0.067,0.040 हे0 भूमि के द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 13/02/2023 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27/01/2023 को जारी किया जाता है।

सील | तहसीलदार सरगुजा (अम्बिकापुर)



**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202301020700031**

विषयः-ब-121 मामले की श्रेणी-राजस्व
सनः- 2022-2023
सुखरी प.ह.न. 00029 (हे0)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार-पदमिनी राजवाडे,
अनावेदक पक्षकार- छ0ग0,शासन

**ईश्तहार**

आवेदक पदमिनी राजवाडे आ0 गोर्वधन, निवासी पावर हाउस के पास, नमनाकला, राजमोहनी देवी वार्ड, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम कलापारा स्थित खसरा नंबर 326 रकबा 0.547 हे0 एवं ग्राम सुखरी स्थित खसरा नंबर 143 रकबा 0.494 हे0 भूमि का ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 06/02/2023 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्त कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10/01/2023 को जारी किया जाता है।

सील | तहसीलदार सरगुजा (अम्बिकापुर)

